TNF TODAY
# टीएनएफ टुडे
थॉट्स न्यूज फैक्ट्स टुडे
tnftoday | tnftoday
www.tnftoday.com / epaper | Trial Edition
युवती का वीडियो वायरल होने पर का आक्रोश (पेज-3)
पृष्ठ- 08 | वर्ष-01 अंक-8 | मूल्य ₹7 | सोमवार | दिनांक- 6.07.2026

# फतेहाबाद बस स्टैंड बना डंपिंग यार्ड

**बाईपास से होकर निकाली जा रही बसें** | **यात्रियों को झेलनी पड़ रही भारी परेशानी** | **आए दिन चालकों से हो रही तीखी नोकझोंक**







मोहित शर्मा।

**आगरा।** फतेहाबाद कस्बा स्थित सरकारी रोडवेज बस स्टैंड इन दिनों यात्रियों की सुविधा के बजाय कंडम वाहनों का डंपिंग यार्ड बनकर रह गया है। परिसर में पुलिस और आरटीओ विभाग द्वारा सीज कर खड़े किए गए दर्जनों खटारा वाहनों के जमावड़े के कारण यहां बसों के आवागमन के लिए जगह नहीं बची है। बस स्टैंड के भीतर जगह के अभाव में रोडवेज बसों के चालक वाहनों को अंदर लाने के बजाय सीधे बाईपास से निकाल रहे हैं। जिम्मेदार अधिकारियों की इस अनदेखी का खामियाजा क्षेत्र के दैनिक यात्रियों को भुगतना पड़ रहा है।

गौरतलब है कि फतेहाबाद का रोडवेज बस स्टैंड लंबे समय से बदहाली का शिकार था। जनभावनाओं को देखते हुए कुछ समय पूर्व ही परिवहन निगम द्वारा इसका जीर्णोद्धार कराया गया। परिसर में लाखों रुपये की लागत से इंटरलॉकिंग टाइल्स बिछवाई गईं। कस्बावासियों को उम्मीद थी कि कायाकल्प के बाद व्यवस्था सुधरेगी, लेकिन इस निर्माण कार्य के दौरान भी वहां जमा खटारा वाहनों को हटाने की जहमत नहीं उठाई गई। वर्तमान में स्थिति यह है कि आरटीओ और पुलिस द्वारा विभिन्न मामलों में पकड़े गए दर्जनों वाहन यहां बेतरतीबी से खड़े हुए हैं। रोडवेज बसों के चालकों का आरोप है कि बस स्टैंड परिसर में बसों को मुड़ने के लिए पर्याप्त जगह नहीं मिलती है। दुर्घटना की आशंका के चलते वे मजबूरी में बसों को बाईपास मार्ग से ले जा रहे हैं। बस स्टैंड के भीतर गाड़ी न आने से यात्रियों को चिलचिलाती धूप में बाईपास तक पैदल दौड़ना पड़ता है। इस अव्यवस्था के कारण आए दिन यात्रियों और बस स्टाफ के बीच तीखी बहस और कहासुनी हो रही है। क्षेत्रीय लोगों और बस चालकों का कहना है कि इस गंभीर समस्या को लेकर कई बार उच्चाधिकारियों को अवगत कराया जा चुका है। इसके बावजूद न तो पुलिस और न ही परिवहन विभाग (आरटीओ) इन वाहनों को यहां से स्थानांतरित करने के प्रति गंभीर है। अधिकारियों के इस मौन रवैये के कारण सरकार द्वारा बस स्टैंड के सौंदर्यीकरण पर खर्च किया गया बजट भी बेअसर साबित हो रहा है। कस्बावासियों का आरोप है कि बस स्टैंड परिसर में खड़े खटारा वाहनों की आड़ में लोग मदिरापान करते हुए भी देखे जाते हैं।

### लोगों के बयान

"बस को बस स्टैंड लाने में हमें कोई दिक्कत नहीं है। पूरा परिसर वाहनों से घिरा हुआ है। बसों को मोड़ने में काफी परेशानी होती है। इसलिए बस को सड़क से मोड़ते समय ऑटो चालक अपने ऑटो बस के आगे लगा देते हैं। तभी बस को आगे-पीछे करने में किसी से टकरा जाए तो वह लोग उल्टा सीधा कहते हुए बस टकराने पर मन मर्जी हजार्ना वसूलते हैं। बस स्टैंड से वाहनों को हटाकर खाली करना चाहिए।"

–एक चालक, रोडवेज बस

"बस स्टैंड में खड़े वाहनों की वजह से पूरा परिसर घिरा हुआ है। बसों को मुड़ने करने के लिए जगह नहीं रहती है। इस कारण बस चालक सवारियों को बाईपास पर ही छोड़कर चले जाते हैं। इससे काफी परेशानियों का सामना करना पड़ता है।"

–आलोक बछरवार, संस्थापक फतेहाबाद डवलपिंग ग्रुप

"बस स्टैंड परिसर में खड़े वाहनों को लेकर उप जिलाधिकारी फतेहाबाद और पुलिस प्रशासन को कई बार पत्र व्यवहार किया गया है। परिसर में खड़े वाहनों को दोनों ही विभागों के साथ मिलकर हटवाया जाएगा।"

–विवेक अहिरवार, एआरएम, बाह डिपो

बस स्टैंड में खड़े वाहनों की पूर्व में सांसद राजकुमार चाहर से शिकायत की गई थी। इसके बाद परिसर को पूरी तरह खाली कराया गया था। कुछ समय बाद बस स्टैंड में पुनः खटारा वाहनों और आरटीओ विभाग के द्वारा परिसर में खड़ा करके भर दिया गया है। इन्हें यहां से हटाकर खाली कराया जाना चाहिए।

–नितिन गुप्ता पंछी सभासद, फतेहाबाद

# मुंबई में तीन मंजिला चॉल ढही, छह लोगों की मौत




एजेंसी, मुंबई।

मुंबई के मानखुर्द के जनता नगर में एक तीन मंजिला चॉल का एक हिस्सा गिरने से छह लोगों की मौत हो गई। बृहन्मुंबई नगर निगम (बीएमसी) ने बताया कि हादसे में एक व्यक्ति घायल भी हुआ है। गौरतलब है कि भारी बारिश के चलते मुंबई में हालात बहुत बिगड़ गए हैं।

### हादसे पर बीएमसी ने क्या कहा?

बृहन्मुंबई नगर निगम के अधिकारियों के अनुसार, चार महिलाओं और एक पुरुष को शताब्दी अस्पताल में मृत लाया गया। एक अन्य पुरुष को राजावाड़ी अस्पताल में मृत घोषित किया गया। एक घायल व्यक्ति का बीएमसी संचालित राजावाड़ी अस्पताल में इलाज चल रहा है। यह घटना जनता नगर में चॉल नंबर 5 में हुई। हनुमान मंदिर के पीछे, मंडला इलाके में रात करीब 8:30 बजे यह हादसा हुआ। प्रारंभिक जानकारी के अनुसार, तीन मंजिला संरचना के दो से तीन हिस्से ढह गए।

मलबे में एक व्यक्ति के फंसे होने की आशंका है, जिसे निकालने के लिए बहु-एजेंसी अभियान जारी है। इसमें राष्ट्रीय आपदा प्रतिक्रिया बल (ठऊफ्र) के कर्मी भी शामिल हैं। मुंबई फायर ब्रिगेड, पुलिस, बीएमसी वार्ड कार्यालय और 108 एम्बुलेंस सेवाएं भी बचाव कार्य में जुटी हैं। स्थानीय भाजपा पार्षद नवनाथ बान ने एक और व्यक्ति के लापता होने की बात कही।

राम मंदिर चंदा घोटाले पर मोहन भागवत बोले,

# हर पापी को मिले सख्त सजा, बच्चों के डिप्रेशन पर जताई चिंता

एजेंसी, नागपुर।

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) के सरसंघचालक मोहन भागवत ने अयोध्या के राम मंदिर से जुड़े कथित दान अनियमितता प्रकरण पर कड़ी प्रतिक्रिया व्यक्त की है। नागपुर में मीडिया से बातचीत के दौरान उन्होंने कहा कि इस विषय पर संघ के सरकार्यवाह दत्तात्रेय होसबाले पहले ही विस्तृत बयान जारी कर चुके हैं और वही संघ का आधिकारिक पक्ष है। भागवत ने अलग से टिप्पणी करने के बजाय कहा कि इस मामले में होसबाले के बयान को ही देखा जाना चाहिए। संघ ने इस पूरे प्रकरण को गंभीर बताते हुए निष्पक्ष जांच और दोषियों के खिलाफ कठोर कार्रवाई की आवश्यकता पर बल दिया है।

श्रद्धालुओं से संयम की अपील संघ ने अपने बयान में लोगों से अपील की है कि वे जांच पूरी होने तक संयम बनाए रखें और किसी भी प्रकार की अफवाह या अपुष्ट जानकारी पर विश्वास न करें। संगठन ने कहा कि इस तरह के संवेदनशील मामलों में समाज को शांति और जिम्मेदारी का परिचय देना चाहिए ताकि किसी भी प्रकार की भ्रामक सूचना या तनाव की स्थिति पैदा न हो। मानसिक स्वास्थ्य पर भी बोले मोहन भागवत राम मंदिर प्रकरण पर प्रतिक्रिया देने के अलावा मोहन भागवत नागपुर में आयोजित 'सन्मार्ग माइंड वेलनेस' केंद्र के उद्घाटन समारोह में भी शामिल हुए।

इस दौरान उन्होंने बच्चों और युवाओं के मानसिक स्वास्थ्य को लेकर चिंता व्यक्त की। उन्होंने कहा कि अत्यधिक मोबाइल और स्क्रीन के उपयोग, परिवारों में संवाद की कमी तथा संयुक्त परिवारों के घटते चलन का असर बच्चों के मानसिक विकास पर पड़ रहा है। उनके अनुसार, कई बच्चे छोटी-छोटी असफलताओं का सामना करने में भी कठिनाई महसूस कर रहे हैं।



### जांच की वर्तमान स्थिति

उपलब्ध जानकारी के अनुसार, राम जन्मभूमि ट्रस्ट की ओर से शिकायत मिलने के बाद उत्तर प्रदेश सरकार ने मामले की जांच के लिए विशेष जांच दल (एसआईटी) का गठन किया। एसआईटी ने प्रारंभिक जांच के बाद 25 जून को मामला दर्ज किया। जांच एजेंसियों ने अब तक 8 लोगों को गिरफ्तार किया है और पूछताछ जारी है। साथ ही जांच के दायरे को विस्तृत करने के लिए एसआईटी को अतिरिक्त समय भी दिया गया है। इस बीच, नैतिक जिम्मेदारी लेते हुए ट्रस्ट से जुड़े कुछ पदाधिकारियों ने अपने पदों से इस्तीफा भी दिया है। मामले की अंतिम सच्चाई जांच पूरी होने और आधिकारिक निष्कर्ष आने के बाद ही स्पष्ट होगी।

### होसबाले ने जताई चिंता

संघ के सरकार्यवाह दत्तात्रेय होसबाले ने अपने बयान में कहा कि राम मंदिर करोड़ों श्रद्धालुओं की आस्था का केंद्र है और मंदिर से जुड़ी किसी भी प्रकार की वित्तीय अनियमितता अत्यंत गंभीर विषय है। उन्होंने कहा कि मंदिर का निर्माण लंबे संघर्ष, त्याग और समाज के सहयोग से संभव हुआ है, इसलिए श्रद्धालुओं के विश्वास को बनाए रखना सर्वोच्च प्राथमिकता होनी चाहिए। उन्होंने यह भी कहा कि यदि किसी स्तर पर अनियमितता हुई है तो जिम्मेदार लोगों की पहचान कर उनके खिलाफ कानून के अनुसार कार्रवाई की जानी चाहिए।

# ट्रस्ट से चंपत राय और अनिल की विदाई तय, आज की बैठक में होगा बड़ा फैसला

एजेंसी, लखनऊ।

राम मंदिर चढ़ावा चोरी प्रकरण सामने आने के बाद श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र न्यास की पहली बैठक आज होगी। बैठक का सबसे अहम एजेंडा ट्रस्ट के महासचिव चंपत राय और सदस्य डॉ. अनिल मिश्रा के इस्तीफे पर फैसला होगा। सूत्रों के मुताबिक, दोनों के इस्तीफे स्वीकार किए जाने की संभावना है। 26 जून को दोनों ने इस्तीफा दिया था, जिसकी पुष्टि 27 जून को ट्रस्ट के कोषाध्यक्ष गोविंद देव गिरि ने की थी। छह जून को मामला उजागर होने के बाद ट्रस्ट की मांग पर 13 जून को एसआईटी का गठन किया गया था। 25 जून को एफआईआर दर्ज होने के बाद आठ आरोपियों को गिरफ्तार किया गया। चढ़ावे की गणना और मंदिर प्रबंधन की जिम्मेदारी चंपत राय और अनिल मिश्रा के पास होने के कारण दोनों शुरू से ही सवालों के घेरे में रहे। सूत्रों के अनुसार, बैठक में दोनों को अपना पक्ष रखने का अवसर दिया जाएगा। इसके बाद ट्रस्ट सदस्य निर्णय लेंगे। बैठक में एसआईटी की प्रारंभिक रिपोर्ट, दान-पात्रों से प्राप्त राशि की गणना व्यवस्था, मंदिर प्रबंधन से जुड़े प्रस्ताव और वित्त वर्ष 2025-26 के ऑडिट पर भी चर्चा होगी।



### जांच पूरी होने दें, दोषी बख्शा नहीं जाएगा

राम मंदिर के दान (चढ़ावा) की गणना के दौरान सामने आए चोरी प्रकरण पर श्रीरामजन्मभूमि तीर्थक्षेत्र ट्रस्ट के कोषाध्यक्ष स्वामी गोविंददेव गिरि ने रविवार को रामभक्तों के नाम विस्तृत अपील जारी की। उन्होंने कहा कि चोरी कितनी हुई, कब हुई और कैसे हुई, यह पूरी तरह जांच का विषय है। इस मामले की निष्पक्ष और गहन जांच होनी चाहिए तथा सभी को एसआईटी, पुलिस और न्यायालय पर विश्वास रखना चाहिए। उन्होंने घटना को अविश्वसनीय, जघन्य महापाप और रामभक्तों के हृदय को विदीर्ण करने वाला बताते हुए कहा कि इस घटना से वे स्वयं अत्यंत आहत, दुखी और लज्जित हैं। उन्होंने बताया कि वह पांच जुलाई को अयोध्या पहुंच रहे हैं। स्वामी गोविंददेव गिरि ने स्पष्ट किया कि उन्होंने कभी भी ट्रस्ट का न्यासी या कोषाध्यक्ष बनने का आग्रह नहीं किया। यह दायित्व उन्हें प्रभु श्रीराम की सेवा के रूप में मिला है और वह इसे सौभाग्य मानते हैं।

# आगरा: कोका-कोला बॉटलर कंपनी के पूर्व कर्मचारियों पर धोखाधड़ी का आरोप, 68.94 लाख के गबन का केस दर्ज

आगरा में कोका-कोला के अधिकृत बॉटलर वृंदावन एग्रो इंडस्ट्रीज ने अपने दो पूर्व कर्मचारियों पर गोपनीय व्यावसायिक जानकारी का दुरुपयोग, डिस्ट्रीब्यूटर डेटा चोरी कर 68.94 लाख रुपये के गबन का आरोप लगाया है।

टीएनएफ टुडे, आगरा।

कोका-कोला के अधिकृत बॉटलर और वितरक वृंदावन एग्रो इंडस्ट्रीज ने अपने दो पूर्व कर्मचारियों पर गंभीर धोखाधड़ी, गबन और गोपनीय व्यावसायिक जानकारी के दुरुपयोग का आरोप लगाया है। कंपनी का दावा है कि पूर्व सेल्स मैनेजर और एरिया मैनेजर ने नौकरी के दौरान हासिल किए गए गोपनीय डेटा का इस्तेमाल कर अपनी अलग फर्में खड़ी कर लीं और कंपनी के डिस्ट्रीब्यूटरों से सीधे ऑर्डर लेकर कारोबार शुरू कर दिया। कंपनी की शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

**पूर्व कर्मचारियों पर गोपनीय डेटा के दुरुपयोग का आरोप**

कंपनी के विधि प्रबंधक ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि वृंदावन एग्रो इंडस्ट्रीज उत्तर प्रदेश और मध्य प्रदेश के कई क्षेत्रों में कोका-कोला और अन्य पेय पदार्थों के उत्पादन एवं वितरण का अधिकृत कार्य करती है।

आरोप है कि पूर्व कर्मचारी जसप्रीत पुरी और भरत कुमार जैन ने नौकरी के दौरान कंपनी के गोपनीय व्यावसायिक रिकॉर्ड, डिस्ट्रीब्यूटर और रिटेलर का डेटा तथा अन्य महत्वपूर्ण जानकारी का दुरुपयोग किया।




**नौकरी छोड़ते ही बनाई अपनी फर्म**

शिकायत के अनुसार, भरत कुमार जैन ने अप्रैल 2025 में नौकरी छोड़ने के तुरंत बाद पवन एंटरप्राइजेज के नाम से अपनी फर्म पंजीकृत कर शीतल पेय पदार्थों का कारोबार शुरू कर दिया।

वहीं, जसप्रीत पुरी ने जुलाई में इस्तीफा देने के बाद जैज एंटरप्राइजेज के नाम से फर्म बनाकर आगरा में दो डिपो स्थापित कर लिए। कंपनी का आरोप है कि दोनों कर्मचारियों ने नौकरी के दौरान ही अपने निजी कारोबार की तैयारी शुरू कर दी थी।

**कंपनी का डेटा चोरी कर रिकॉर्ड किए डिलीट**

कंपनी का आरोप है कि दोनों पूर्व कर्मचारियों ने डिस्ट्रीब्यूटर और रिटेलर का गोपनीय डेटा अपने पास सुरक्षित कर लिया। इसके अलावा कंपनी के लैपटॉप से महत्वपूर्ण रिकॉर्ड डिलीट कर दिए ताकि जानकारी दोबारा हासिल न की जा सके।

शिकायत में यह भी कहा गया है कि कंपनी द्वारा उपलब्ध कराया गया आधिकारिक मोबाइल नंबर भी अपने नाम पर ट्रांसफर करा लिया गया और बाद में उसका इस्तेमाल निजी कारोबार के लिए किया गया।

### मनमाने डिस्काउंट देकर कंपनी को पहुंचाया नुकसान

कंपनी के विधि प्रबंधक देवेश कपूर के अनुसार, इस पूरे मामले में एक अन्य पूर्व कर्मचारी वैभव सचदेवा की भी भूमिका सामने आई है।आरोप है कि उसने बिना सक्षम अधिकारियों की अनुमति के कई डिस्ट्रीब्यूटरों और ग्राहकों को मनमाने तरीके से डिस्काउंट और क्लेम स्वीकृत किए, जिससे कंपनी को भारी आर्थिक नुकसान हुआ।

### 68.94 लाख रुपये के गबन का आरोप

कंपनी के अनुसार, अप्रैल से मई 2025 के बीच ही करीब 39.51 लाख रुपये का वित्तीय नुकसान हुआ, जबकि पूरे मामले में पूर्व कर्मचारी जसप्रीत पुरी पर 68.94 लाख रुपये के गबन का आरोप लगाया गया है।

### पुलिस ने शुरू की जांच

कंपनी की शिकायत पर पुलिस ने धोखाधड़ी, गबन और अन्य संबंधित धाराओं में मामला दर्ज कर लिया है। एसीपी हरीपर्वत अमीषा ने बताया कि मामले की जांच जारी है और साक्ष्यों का संकलन किया जा रहा है। जांच के आधार पर आगे की कार्रवाई की जायेगी।

# शक्ति केंद्र मजूबत होगा तो मिलेगी बंगाल जैसी जीत: सीएम योगी

एजेंसी, लखनऊ।



उत्तर प्रदेश में 2027 के विधानसभा चुनाव की तैयारियों के बीच भारतीय जनता पार्टी ने रविवार को शक्ति केंद्र संयोजक सम्मेलन के जरिए संगठन और कार्यकर्ताओं में चुनावी ऊर्जा भरने का प्रयास किया। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सम्मेलन में विपक्ष पर तीखा हमला बोलते हुए कहा कि जब जिन सरकारों के समय प्रदेश में माफिया पाले जाते थे और हर जिले में कट्टा-बम बनवाए जाते थे, वहीं आज उत्तर प्रदेश देश की सुरक्षा के लिए ब्रह्मोस मिसाइल और ड्रोन का निर्माण कर रहा है। उन्होंने कहा कि भाजपा के लिए राष्ट्र सुरक्षा सर्वोच्च प्राथमिकता है, जबकि पिछली सरकारों का उद्देश्य केवल अपना लूटतंत्र मजबूत करना था। उन्होंने कहा कि जब शक्ति केंद्र मजबूत होगा तब बंगाल जैसी जीत मिलने में कठिनाई नहीं होगी। भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन की मौजूदगी में मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश तेजी से विकास की नई ऊंचाइयों पर पहुंच रहा है और वर्तमान पीढ़ी विकसित भारत की संकल्पना को साकार होते हुए देख रही है। उन्होंने कहा कि पिछले 12 वर्षों में केंद्र सरकार की सभी योजनाओं का लाभ बिना किसी भेदभाव के समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचा है। अंत्योदय की अवधारणा को पंडित दीनदयाल उपाध्याय ने दिया था, जिसे प्रधानमंत्री मोदी ने गरीब कल्याण योजनाओं के माध्यम से धरातल पर उतारा है। मुख्यमंत्री ने कहा कि राजनीति का पहला सूत्र राजनीतिक स्थिरता है। बिना स्थिर सरकार के सुशासन संभव नहीं है।

# मोदी का हरियाणा दौरा: 17 जुलाई को मिलेगी देश की पहली हाइड्रोजन ट्रेन



### भारत हाइड्रोजन ट्रेन वाला 8वां देश

ट्रेन के कोच चेन्नई स्थित इंटीग्रल कोच फैक्टरी में तैयार किए गए हैं। इसका परीक्षण भी सफलतापूर्वक पूरा हो चुका है। जर्मनी, जापान, दक्षिण कोरिया, कनाडा, फ्रांस, स्वीडन के बाद हाइड्रोजन ट्रेन वाला भारत आठवां देश बन गया है। ट्रेन को इस तरह डिजाइन किया गया है कि यात्रियों को सुविधा, सुरक्षा व बेहतर सफर का नया अनुभव मिल सके। ट्रेन-सेट में दो ड्राइविंग पावर कार (डीपीसी) शामिल हैं। इनमें प्रत्येक की क्षमता 1200 किलोवाट व कुल मिलाकर 2400 किलोवाट शक्ति के साथ 8 यात्री कोच लगाए गए हैं।

एजेंसी, नागपुर।

हरियाणा के विकास को गति देने के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आगामी 17 जुलाई को प्रदेश के दौरे पर आ रहे हैं। इस ऐतिहासिक दौरे के दौरान पीएम मोदी जींद से देश की पहली 'हाइड्रोजन ट्रेन' को हरी झंडी दिखाकर रवाना करेंगे, जो भारतीय रेलवे के इतिहास में एक बड़ा मील का पत्थर साबित होगी।

इसके साथ ही, प्रधानमंत्री जींद रेलवे स्टेशन के पुनर्विकास कार्य और शहर में बने नए मेडिकल कॉलेज का लोकार्पण कर जनता को समर्पित करेंगे। इस खास मौके पर जींद में एक विशाल जनसभा का भी आयोजन किया जाएगा, जिसे प्रधानमंत्री संबोधित करेंगे।

### तैयारियों को लेकर आज मुख्यमंत्री करेंगे समीक्षा बैठक

प्रधानमंत्री के इस बेहद महत्वपूर्ण दौरे को लेकर हरियाणा सरकार और संगठन पूरी तरह सक्रिय हो गया है। तैयारियों का जायजा लेने के लिए आज (6 जुलाई) मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी खुद जींद पहुंच रहे हैं। मुख्यमंत्री सैनी जींद में एक उच्च स्तरीय समीक्षा बैठक करेंगे, जिसमें सुरक्षा व्यवस्था से लेकर जनसभा की तैयारियों पर चर्चा होगी। इस बैठक में प्रदेश अध्यक्ष डॉ. अर्चना गुप्ता भी विशेष रूप से उपस्थित रहेंगी। पीएम के इस दौरे को लेकर जींद और पूरे हरियाणा के कार्यकताओं में भारी उत्साह है।

### 110-120 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से दौड़ाया गया

देश की पहली हाइड्रोजन ट्रेन का पानीपत रूट पर रन थ्रू हाई स्पीड ट्रायल किया गया। ट्रायल के दौरान ट्रेन को 110 से 120 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से दौड़ाया गया। हाइड्रोजन ट्रेन का हाई स्पीड परीक्षण अब अंतिम चरण में पहुंच चुका है और सभी तकनीकी मानकों पर इसकी लगातार जांच की जा रही हैं।

### रखरखाव और प्रारंभिक संचालन

यह ट्रेन केवल जिंद और सोनीपत खंड के बीच ही संचालित करने की अनुमति है। इसका रखरखाव दिल्ली के शकूरबस्ती में किया जाएगा। सुरक्षा प्रोटोकॉल के अनुसार, रखरखाव के लिए ट्रेन को डीजल लोकोमोटिव द्वारा शकूरबस्ती ले जाया जाएगा। प्रारंभिक तीन महीनों के लिए, ट्रेन के साथ प्रशिक्षित तकनीकी कर्मचारी रहेंगे। यह कर्मचारी रास्ते में आने वाली तकनीकी समस्याओं का समाधान करेंगे।

## 'गाजियाबाद में चलती कार बना 'अल्ट्रासाउंड सेंटर', भ्रूण लिंग जांच करने वाले गिरोह का पर्दाफाश, 4 गिरफ्तार'

**गाजियाबाद।** उत्तर प्रदेश के गाजियाबाद जिले में चलती कार के अंदर पोर्टेबल मशीन से अवैध भ्रूण लिंग जांच का खुलासा होने के बाद स्वास्थ्य विभाग की कार्यप्रणाली पर भी गंभीर सवाल खड़े हो गए हैं। शहर में खुलेआम कार के अंदर लिंग जांच का नेटवर्क संचालित किया जा रहा था। इस घटना ने स्वास्थ्य विभाग पर बड़ा सवाल खड़ा कर दिया है। मुखबिर की सूचना पर शनिवार देर रात स्वास्थ्य विभाग ने कार्रवाई करते हुए कार संख्या यूपी 14 एफएल 9355 को कोतवाली थाना क्षेत्र में रोककर अवैध भ्रूण लिंग जांच का भंडाफोड़ किया। कार में पोर्टेबल अल्ट्रासाउंड मशीन के जरिए भ्रूण का लिंग बताए जाने का आरोप है। मौके से संदीप, सलमान, शाहिद और तस्लीम को हिरासत में लिया गया है।

इस कार्रवाई से एक बड़ा सवाल भी खड़ा हो गया है कि अगर शहर में चलती कार के अंदर अवैध लिंग जांच का गिरोह सक्रिय था, तो आखिर स्वास्थ्य विभाग की नियमित निगरानी और पीसीपीएनडीटी (गर्भधारण पूर्व और प्रसव पूर्व निदान तकनीक) सेल की जांच व्यवस्था क्या कर रही थी? बिना किसी सूचना के यह नेटवर्क कब से संचालित हो रहा था और अब तक विभाग की नजर से कैसे बचा रहा? सूत्रों के अनुसार, मुख्य आरोपी संदीप के खिलाफ पहले से कई मुकदमे दर्ज हैं।

# बांकीपुर सीट से खुद चुनाव लड़ेंगे प्रशांत किशोर, जन सुराज ने किया उम्मीदवार बनाने का बड़ा

एजेंसी, पटना।

बिहार की राजनीति में बांकीपुर विधानसभा उपचुनाव को लेकर सियासी सरगर्मी तेज हो गई है। जन सुराज पार्टी ने पटना की हाई-प्रोफाइल बांकीपुर सीट से पार्टी के सूत्रधार प्रशांत किशोर को अपना उम्मीदवार घोषित कर दिया है। पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष मनोज भारती ने रविवार को पटना में आयोजित एक प्रेस वार्ता में इसकी आधिकारिक घोषणा की। इस दौरान प्रशांत किशोर भी उनके साथ मौजूद रहे। राजनीति समाचार पत्र उम्मीदवारी की घोषणा के साथ ही लंबे समय से चल रही अटकलों पर विराम लग गया। जन सुराज की ओर से यह फैसला ऐसे समय में लिया गया है, जब बांकीपुर उपचुनाव को लेकर सभी प्रमुख दल अपनी-अपनी रणनीति बनाने में जुटे हैं। राजनीतिक विश्लेषकों का मानना है कि प्रशांत किशोर के चुनाव मैदान में उतरने से इस सीट का मुकाबला और दिलचस्प हो गया है।

उम्मीदवार घोषित किए जाने के बाद प्रशांत किशोर ने पार्टी नेतृत्व का आभार जताते हुए कहा, "मैं पार्टी को धन्यवाद देता हूं और इस जिम्मेदारी को स्वीकार करता हूं।



हम मजबूती के साथ बांकीपुर से चुनाव लड़ेंगे। जनता का आशीर्वाद मिला तो जीतेंगे और उनकी उम्मीदों पर खरा उतरने की पूरी कोशिश करेंगे। यदि जनता ने मौका दिया तो विधानसभा में उनकी आवाज मजबूती से उठाऊंगा।" उन्होंने आगे कहा , "मैं उन्हें आश्वस्त करता हूं कि पिछले चार वर्षों से जन सुराज ही मेरा जीवन रहा है और अगले दस वर्षों तक, जब तक बिहार में परिवर्तन का सपना साकार नहीं हो जाता, मेरा कोई और उद्देश्य नहीं है। मैं बांकीपुर उपचुनाव लड़ने की जिम्मेदारी को उस लक्ष्य की ओर एक कदम मानता हूं।"

उन्होंने कहा कि नवंबर 2025 में हजारों-लाखों लोग जन सुराज के विचारों और प्रयासों से जुड़े थे। नतीजों के बाद कई लोग निराश या हतोत्साहित हुए। उनमें से अधिकांश का मानना है कि अगर जनसुराज बांकीपुर उपचुनाव जीतता है, तो इससे न केवल आंदोलन मजबूत होगा बल्कि बिहार में परिवर्तन के सपने को पुनर्जीवित करने में भी मदद मिलेगी।

गौरतलब है कि प्रशांत किशोर पिछले कई सप्ताह से बांकीपुर विधानसभा क्षेत्र में लगातार सक्रिय हैं। वह जनसभाएं, नुक्कड़ बैठकें और स्थानीय लोगों के साथ संवाद कार्यक्रम कर रहे हैं। ऐसे में उनकी उम्मीदवारी को पहले से तय रणनीति का हिस्सा माना जा रहा था। बांकीपुर विधानसभा सीट भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन के राज्यसभा सदस्य निर्वाचित होने के बाद रिक्त हुई है। लगातार इस सीट का प्रतिनिधित्व करने वाले नितिन नवीन के उच्च सदन में जाने के बाद निर्वाचन आयोग ने यहां उपचुनाव की घोषणा की है। निर्वाचन आयोग के कार्यक्रम के अनुसार, बांकीपुर विधानसभा सीट पर 30 जुलाई को मतदान होगा। इस सीट पर जन सुराज की ओर से प्रशांत किशोर के मैदान में उतरने के बाद चुनावी मुकाबला और रोचक होने की संभावना जताई जा रही है। अब सभी की नजरें भाजपा और अन्य विपक्षी दलों के उम्मीदवारों पर टिकी हैं, जिनकी घोषणा के बाद चुनावी तस्वीर और स्पष्ट होगी। राजनीति

## 79 किलो कचरा हटाया गया सोला सिविल हॉस्पिटल से, स्वच्छता से सुरक्षित होंगे मरीज

एजेंसी, अहमदाबाद।

अहमदाबाद के सोला सिविल अस्पताल ने राज्य सरकार के 'नमो स्वच्छता अभियान' के तहत 79 किलो ठोस कचरा हटाया है। 159 बेकार हो चुके मेडिकल उपकरणों को हटाने (स्क्रैप करने) की प्रक्रिया शुरू की है और बड़े पैमाने पर मेंटेनेंस का काम किया है, जिसमें 508 फायर एक्सटिंग्विशर की सर्विसिंग भी शामिल है। इस अभियान का मकसद साफ-सफाई और मरीजों की सुरक्षा को बेहतर बनाना है। राज्य सरकार द्वारा पूरे गुजरात में चलाए जा रहे इस अभियान का फोकस अस्पताल में होने वाले संक्रमण (नोसोकोमियल इन्फेक्शन) को कम करने पर है। इसके लिए गहन सफाई, कीटाणुशोधन (डिसइंफेक्शन) और इंफ्रास्ट्रक्चर के मेंटेनेंस पर ध्यान दिया जा रहा है।

अस्पताल प्रशासन के अनुसार, अलग-अलग विभागों से लगभग 79 किलो ठोस कचरा हटाया गया है, जबकि तय प्रक्रियाओं के अनुसार 159 बेकार मेडिकल उपकरणों और 1,365 खराब हो चुकी वस्तुओं को हटाने की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। रेसिडेंट मेडिकल ऑफिसर डॉ. हेमांगिनी पटेल ने कहा कि अस्पताल में होने वाले संक्रमण के खतरे को कम करने के लिए अस्पताल में सफाई, कीटाणुशोधन और अनावश्यक सामान हटाने का काम



युद्ध स्तर पर किया जा रहा है।

उन्होंने कहा, "मरीजों के लिए सुरक्षित और साफ माहौल बनाने के लिए पूरे अस्पताल में लगातार निगरानी रखी जा रही है।" इस अभियान में इनडोर और आउटडोर एरिया, अस्पताल परिसर और टॉयलेट शामिल हैं। सफाई अभियान के साथ-साथ, अस्पताल ने 508 फायर एक्सटिंग्विशर को रिफिल करने या लगाने का काम भी पूरा कर लिया है। जरूरी सुविधाओं के लिए मेंटेनेंस का काम भी किया गया है। जांचे गए 319 नलों में से 56 की मरम्मत की गई या उन्हें बदला गया। इलेक्ट्रिकल सिस्टम में, मरीजों और उनके साथ आने वाले लोगों के लिए सुविधाओं को बेहतर बनाने के लिए 63 बल्ब और 22 सीलिंग फैन की मरम्मत की गई।

अस्पताल के 575 फर्नीचर, मेडिकल और आईटी उपकरणों में से 103 की मरम्मत की गई और उन्हें इस्तेमाल के लिए ठीक किया गया। डॉ. पटेल ने कहा कि लगभग 300 पुरानी बेडशीट, तकिए के कवर और गद्दों को चरणबद्ध तरीके से बदलने का काम भी शुरू हो गया है।

### गौतम अदाणी मामले में अमेरिकी न्याय विभाग का बड़ा रुख

# कहा- अभियोजन कानूनी रूप से कमजोर और कूटनीतिक रूप से नुकसानदेह था

एजेंसी, न्यूयार्क।

अमेरिकी न्याय विभाग ने भारतीय उद्योगपति गौतम अदाणी और अन्य सात लोगों के खिलाफ दर्ज आपराधिक मामले को समाप्त करने के अपने फैसले का अदालत में विस्तृत बचाव किया है। विभाग ने संघीय अदालत में दाखिल 10 पन्नों के दस्तावेज में कहा कि यह अभियोजन कानूनी रूप से कमजोर, कूटनीतिक दृष्टि से नुकसानदेह और वर्तमान प्रशासन की प्रवर्तन (एल्लाङ्गर्शूील्ल३) प्राथमिकताओं के अनुरूप नहीं था। विभाग का यह भी कहना है कि इस मामले को या तो पहले ही बंद कर दिया जाना चाहिए था या फिर इसे शुरू ही नहीं किया जाना चाहिए था।

ऊ्डख ने बताया मामला मुख्य रूप से भारत से जुड़ा अपने ताजा दस्तावेज में अमेरिकी न्याय विभाग ने कहा कि यह मूल रूप से भारत से संबंधित मामला है। विभाग के अनुसार, इसमें भारतीय नागरिक, भारत सरकार के अनुबंध और भारत की बिजली व्यवस्था शामिल है। इसलिए यह ऐसा विषय है जिसे



भारतीय संस्थाएं स्वयं संभालने में सक्षम हैं। ऊ्डख ने अदालत में कहा कि अमेरिका को हर अंतरराष्ट्रीय कारोबारी विवाद में हस्तक्षेप कर "दुनिया की पुलिस" की भूमिका नहीं निभानी चाहिए। विभाग का तर्क है कि यदि किसी मामले का मुख्य केंद्र किसी दूसरे देश की प्रशासनिक और कानूनी व्यवस्था है, तो उस देश की संस्थाओं को प्राथमिक जिम्मेदारी निभाने का अवसर मिलना चाहिए।

भारतीय जांच का भी दिया हवाला अमेरिकी न्याय विभाग ने अपने पक्ष में यह भी कहा कि भारतीय एजेंसियां इस मामले की जांच कर चुकी हैं और अब तक किसी गैरकानूनी गतिविधि की पुष्टि नहीं हुई है। विभाग ने संकेत दिया कि उपलब्ध तथ्यों के आधार पर अमेरिकी स्तर पर आपराधिक मुकदमे को आगे बढ़ाने का पर्याप्त औचित्य नहीं बनता। हालांकि, दस्तावेज में भारतीय जांच एजेंसियों का नाम या विस्तृत जांच रिपोर्ट का उल्लेख सार्वजनिक रूप से नहीं किया गया। निवेशकों को नुकसान नहीं होने का दावा ऊ्डख ने अदालत में यह भी कहा कि इस मामले में अमेरिकी निवेशकों को प्रत्यक्ष आर्थिक नुकसान होने के प्रमाण सामने नहीं आए हैं।

### अदालत ने मांगा था विस्तृत स्पष्टीकरण

यह जवाब उस समय सामने आया जब अमेरिकी जिला न्यायाधीश निकोलस गरौफिस ने न्याय विभाग से पूछा कि वह इस मामले को स्थायी रूप से समाप्त करने की मांग क्यों कर रहा है। इससे पहले विभाग ने केस समाप्त करने के लिए आवेदन तो दिया था, लेकिन उसमें निर्णय के पीछे के कारणों का विस्तार से उल्लेख नहीं किया गया था। न्यायाधीश ने विभाग को निर्देश दिया था कि वह अदालत के समक्ष स्पष्ट करे कि किन कानूनी और प्रशासनिक आधारों पर इस मुकदमे को आगे नहीं बढ़ाया जा रहा है। इसके बाद ऊ्डख ने अपना विस्तृत पक्ष अदालत में प्रस्तुत किया।

### बाइडन प्रशासन के दौरान दर्ज हुआ था मामला

यह मामला वर्ष 2024 में तत्कालीन बाइडन प्रशासन के दौरान दर्ज किया गया था। उस समय अमेरिकी न्याय विभाग ने आरोप लगाया था कि गौतम अदाणी और अन्य आरोपित भारतीय सरकारी अधिकारियों को लगभग 25 करोड़ अमेरिकी डॉलर की कथित रिश्वत देने की योजना में शामिल थे। आरोप यह भी था कि इस कथित योजना के समानांतर निवेशकों के समक्ष भ्रामक जानकारी प्रस्तुत कर अरबों डॉलर का निवेश जुटाने का प्रयास किया गया। अभियोजन पक्ष के अनुसार, अदाणी ग्रीन एनर्जी लिमिटेड ने अमेरिकी निवेशकों से कम से कम 17.5 करोड़ अमेरिकी डॉलर की पूंजी जुटाई थी।

## राजद के 30वें स्थापना दिवस पर लालू का संदेश, गरीबों की लड़ाई जारी रखने और भाजपा के खिलाफ एकजुट होने का किया आह्वान

एजेंसी, पटना।

राष्ट्रीय जनता दल (राजद) के 30वें स्थापना दिवस के अवसर पर पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष लालू प्रसाद यादव ने रविवार को बिहार की जनता और पार्टी कार्यकर्ताओं के नाम विस्तृत संदेश जारी करते हुए सामाजिक न्याय, संविधान की रक्षा और गरीबों के अधिकारों की लड़ाई को आगे बढ़ाने का आह्वान किया। उन्होंने अपने लिखित संदेश में कहा कि 5 जुलाई 1997 को राजद की स्थापना गरीबों, शोषितों, दलितों, पिछड़ों, अल्पसंख्यकों और वंचित तबकों को उनका हक और सम्मान दिलाने के उद्देश्य से की गई थी तथा यह दिन बिहार की राजनीति की दिशा और दशा बदलने वाला ऐतिहासिक दिन साबित हुआ। लालू यादव ने कहा कि तीन दशक की यात्रा में राजद ने सामाजिक और आर्थिक असमानता, सांप्रदायिकता तथा भेदभाव के खिलाफ लगातार संघर्ष किया है।

उन्होंने पार्टी कार्यकर्ताओं के योगदान को याद करते हुए कहा कि उनके त्याग, समर्पण और मेहनत की बदौलत ही राजद आज भी मजबूत होकर आगे बढ़ रही है। उन्होंने हर दौर में पार्टी का साथ देने वाले नेताओं, कार्यकताओं और समर्थकों के प्रति आभार जताया। राजद अध्यक्ष



ने कहा कि उनकी पार्टी का विकास मॉडल केवल बड़े हवाई अड्डों, मॉल और आलीशान इमारतों तक सीमित नहीं है, बल्कि समाज के अंतिम व्यक्ति की भागीदारी और उसके जीवन में सकारात्मक बदलाव सुनिश्चित करना उसकी प्राथमिकता है। उन्होंने कहा कि विकास तभी सार्थक होगा जब उसे बनाने वाले मजदूरों, कारीगरों और गरीब परिवारों के जीवन स्तर में भी सुधार आए।

लालू यादव ने अपने संदेश में समाजवादी विचारधारा के नेताओं डॉ. राममनोहर लोहिया, जयप्रकाश नारायण, जननायक कर्पूरी ठाकुर और डॉ. भीमराव आंबेडकर के विचारों के प्रति राजद की प्रतिबद्धता दोहराई। उन्होंने कहा कि अब सामाजिक न्याय के साथ-साथ आर्थिक और मनोवैज्ञानिक सशक्तिकरण की लड़ाई को भी निर्णायक मुकाम तक पहुंचाना होगा। लालू यादव ने केंद्र सरकार पर निशाना साधते हुए आरोप लगाया कि संवैधानिक संस्थाओं पर कब्जा, पूंजी के प्रभाव और दक्षिणपंथी राजनीति के जरिए लोकतांत्रिक मूल्यों को कमजोर किया जा रहा है।

# ट्रंप की धमकियों के बाद ईरान की चेतावनी- 'होर्मुज स्ट्रेट बाहरी ताकतों के लिए सैन्य शक्ति प्रदर्शन का मंच

एजेंसी, तेहरान।

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की चेतावनी के बाद पलटवार करते हुए ईरान ने कहा है कि हॉर्मुज स्ट्रेट बाहरी ताकतों के लिए सैन्य शक्ति प्रदर्शन का मंच नहीं है। ईरान के एक वरिष्ठ राजनयिक ने आगाह किया कि इस रणनीतिक समुद्री मार्ग का इस्तेमाल सैन्य ताकत दिखाने के बजाय क्षेत्रीय स्थिरता और सुरक्षित नौवहन सुनिश्चित करने के लिए किया जाना चाहिए। ईरान के कानूनी और अंतरराष्ट्रीय मामलों के डिप्टी विदेश मंत्री काजम गरीबाबादी ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर लिखा, "ईरान, स्ट्रेट में सुरक्षा का जिम्मेदार अधिकारी और गारंटर होने के नाते, इस संवेदनशील समुद्री मार्ग में किसी भी सैन्य आंदोलन के खिलाफ चेतावनी देता है।"

न्यूज एजेंसी सिन्हुआ के अनुसार, गरीबाबादी ने कहा कि स्ट्रेट की सुरक्षा पूरी तरह से ईरान और ओमान की जिम्मेदारी है।



उन्होंने ब्रिटेन के प्रधानमंत्री कीर स्टार्मर और फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों के शुक्रवार को दिए गए संयुक्त बयान को खारिज कर दिया। बता दें, ब्रिटेन के पीएम स्टार्मर इस्तीफा देने का ऐलान कर चुके हैं और अगले प्रधानमंत्री के चुने जाने तक वह पद पर बने रहेंगे। अपने बयान में, स्टार्मर और मैक्रों ने इस समुद्री मार्ग को वैश्विक अर्थव्यवस्था के लिए एक जरूरी रूट बताते हुए कहा, "स्ट्रेट से सभी देशों के जहाजों के लिए सुरक्षित ट्रांजिट फिर से शुरू करना वैश्विक चिंता का विषय है।"

उन्होंने कहा कि ओमान ने ब्रिटेन और फ्रांस के साथ मिलकर यह सुनिश्चित करने पर सहमति जताई है कि उसके संप्रभु क्षेत्रीय जलक्षेत्र में नौवहन सुरक्षित रहे। उन्होंने यह भी जोर देकर कहा कि ब्रिटेन और फ्रांस हॉर्मुज स्ट्रेट में नौवहन की स्वतंत्रता सुनिश्चित करने के लिए जरूरत पड़ने पर व्यापक बहुराष्ट्रीय सैन्य मिशन तैनात करने के लिए भी तैयार हैं। इस बीच, ईरान की अर्धसरकारी फार्स न्यूज एजेंसी ने ताजा मैरीटाइम ट्रैकिंग डेटा का हवाला देते हुए शनिवार को बताया कि ओमान के तट के साथ समुद्री रूट को पार करने की कोशिश कर रहे आठ जहाजों को वापस भेज दिया गया।

ब्लूमबर्ग ने उसी दिन अपनी रिपोर्ट में कहा कि कुछ जहाज मुसंदम प्रायद्वीप के उस सिरे तक पहुंच गए थे, जो इस रणनीतिक समुद्री संकरे मार्ग (चोकपॉइंट) में आगे तक निकलता है, लेकिन वहां पहुंचने के बाद उन्होंने अचानक दिशा बदल ली।

रिपोर्ट के अनुसार, एक कच्चा तेल टैंकर, दो पेट्रोलियम उत्पाद टैंकर और एक बल्क कैरियर ने बाद में ईरान के निदेर्शानुसार उत्तर की ओर रुख किया और बाहर निकलने वाले समुद्री मार्ग का इस्तेमाल किया। रिपोर्ट में यह भी कहा गया कि 28 फरवरी को ईरानी क्षेत्र पर इजरायल और अमेरिका के संयुक्त हमलों के बाद ईरान ने हॉर्मुज स्ट्रेट पर अपनी निगरानी और नियंत्रण और कड़ा कर दिया। इसके तहत उसने इजरायल और अमेरिका से जुड़े या उनसे संबद्ध जहाजों के सुरक्षित आवागमन पर रोक लगा दी।

## 'फर्जी आंसू' का तंज: खामेनेई के अंतिम संस्कार पर ट्रंप का हमला

**वाशिंगटन।** तेहरान में दिवंगत सुप्रीम लीडर अयातुल्ला अली खामेनेई के अंतिम संस्कार कार्यक्रमों के बीच अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने नया विवादित बयान दिया है। अमेरिकी मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, ट्रंप ने कहा कि अगर वह चाहें तो "एक ही हमले" में ईरान की पूरी शीर्ष नेतृत्व को खत्म कर सकते हैं। हालांकि उन्होंने यह भी जोड़ा कि ऐसा कदम नहीं उठाया जाएगा क्योंकि अमेरिका ईरान से बातचीत का रास्ता खुला रखना चाहता है।

शायद यह नकली आंसू' ट्रंप ने अंतिम संस्कार में उमड़ी भीड़ और लोगों के रोने पर भी टिप्पणी की। उन्होंने कहा कि उन्हें उम्मीद थी कि खामेनेई को लेकर जनता में नाराजगी होगी, लेकिन बड़ी संख्या में लोगों को रोते देखकर वह हैरान हुए। ट्रंप ने तंज करते हुए कहा कि "शायद यह फर्जी आंसू हैं।" ईरानी दूतावास की प्रतिक्रिया ट्रंप के इस बयान पर आर्मेनिया स्थित ईरान दूतावास ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर तीखी प्रतिक्रिया दी। पोस्ट में लिखा गया कि "आप इन बातों को नहीं समझ सकते क्योंकि आपके पास न सभ्यता है, न इतिहास और न ही सम्मान।"

# ई-20 पेट्रोल पर सवाल, माइलेज से लेकर इंजन, बीमा और गन्ने के रस तक हर सवाल का सरकार ने दिया जवाब

एजेंसी, नई दिल्ली।

देश में 20 प्रतिशत इथेनोल मिश्रित ई-20 पेट्रोल को लेकर सोशल मीडिया और विभिन्न मंचों पर कई तरह के दावे किए जा रहे हैं। कुछ लोगों ने नई और पुरानी गाड़ियों के इंजन पर इसके असर, माइलेज में कमी, वाहन की वारंटी और बीमा खत्म होने जैसी आशंकाएं जताई हैं। वहीं, पेट्रोल में गन्ने का रस मिलाने और अधिक पानी की खपत जैसे दावे भी वायरल हुए। इन सभी सवालों के बीच पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्रालय ने विस्तृत स्पष्टीकरण जारी कर तथ्यों के आधार पर स्थिति स्पष्ट की है।

विवाद की शुरूआत कैसे हुई? ई-20 पेट्रोल को लेकर विवाद उस समय तेज हुआ जब सुप्रीम कोर्ट में एक सुनवाई के दौरान अटॉर्नी जनरल आर. वेंकटरमणि की टिप्पणी को लेकर भ्रम की स्थिति पैदा हो गई। उनके बयान को इस रूप में प्रस्तुत किया गया कि ई-20 अभी प्रयोग के चरण में है। बाद में उन्होंने स्पष्ट किया कि उनका आशय इथेनोल की आपूर्ति व्यवस्था से था, न कि ईंधन की




गुणवत्ता या परीक्षण से। इसके बाद सरकार ने सोशल मीडिया पर वायरल हो रहे दावों का बिंदुवार जवाब जारी किया।

क्या ई-20 से माइलेज कम होता है? सरकार ने स्वीकार किया है कि ई-20 पेट्रोल के उपयोग से माइलेज में हल्की कमी आ सकती है। इसका कारण यह है कि इथेनोल की ऊर्जा क्षमता सामान्य पेट्रोल की तुलना में थोड़ी कम होती है। विभिन्न परीक्षणों में माइलेज में लगभग 2 से 6 प्रतिशत तक की कमी दर्ज की गई है। हालांकि, इसे सामान्य तकनीकी अंतर माना गया है। इंजन को नुकसान पहुंचने के दावे पर क्या कहा? मंत्रालय के अनुसार, ई-20 पेट्रोल से इंजन को गंभीर नुकसान होने का दावा सही नहीं है। ऑटोमोटिव रिसर्च एसोसिएशन ऑफ इंडिया, इंडियन ऑयल, इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ पेट्रोलियम और वाहन निमार्ताओं द्वारा किए गए परीक्षणों में इंजन, धातु और प्लास्टिक के पुर्जों पर कोई गंभीर प्रतिकूल प्रभाव नहीं पाया गया। हालांकि, सरकार ने यह भी कहा कि कुछ पुराने वाहनों में रबर के कुछ हिस्सों को सामान्य से पहले बदलने की आवश्यकता पड़ सकती है। यह समस्या सभी वाहनों में नहीं होती।

वारंटी और बीमा पर नहीं पड़ेगा असर सोशल मीडिया पर यह दावा भी किया गया कि ई-20 पेट्रोल इस्तेमाल करने से वाहन की वारंटी और बीमा समाप्त हो सकता है। मंत्रालय ने इसे पूरी तरह गलत बताया है। सरकार के अनुसार, जिन वाहनों को ई-20 के अनुरूप डिजाइन या स्वीकृत किया गया है, उनकी कंपनी वारंटी और बीमा पहले की तरह ही मान्य रहेंगे। क्या ई-20 बिना परीक्षण का ईंधन है? सरकार ने इस दावे को भी खारिज किया कि ई-20 बिना पर्याप्त परीक्षण के बाजार में लाया गया है। मंत्रालय के अनुसार, अमेरिका, ब्राजील, कनाडा, जापान, थाईलैंड और कई यूरोपीय देशों में वर्षों से इथेनोल मिश्रित पेट्रोल का सफलतापूर्वक उपयोग किया जा रहा है।

# युवती का आपत्तिजनक वीडियो वायरल होने पर हिंदू महासभा का आक्रोश

- होटल सील करने की मांग को लेकर भारी प्रदर्शन

● टीनएफ टुडे ●

**आगरा।** थाना मंटोला क्षेत्र के एक होटल में युवती का आपत्तिजनक वीडियो वायरल होने के मामले ने तूल पकड़ लिया है। इस घटना के विरोध में अखिल भारत हिंदू महासभा ने मोर्चा खोल दिया है। हिंदू महासभा की जिला अध्यक्ष मीरा राठौर ने वीडियो जारी कर होटल संचालकों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग की है। प्रमुख घटनाक्रम हिंदू महासभा का आरोप है कि वायरल वीडियो केवल वीडियो लीक का मामला नहीं, बल्कि यह सामूहिक बलात्कार का प्रकरण है। संगठन ने मांग की है कि होटल के मालिक को भी तत्काल मुकदमे में नामजद किया जाए और होटल को सील किया जाए। मीरा राठौर द्वारा सख्त रुख अपनाते ही पुलिस प्रशासन हरकत में आ गया। सुरक्षा के दृष्टिगत उन्हें उनके ताजगंज स्थित आवास पर पुलिस द्वारा हाउस अरेस्ट कर लिया गया। हाउस अरेस्ट की सूचना मिलते ही हिंदू महासभा की वरिष्ठ नेत्री मीना दिवाकर, महानगर अध्यक्ष मनीष पंडित, निशा ठाकुर और वरिष्ठ नेता अवतार सिंह गिल के नेतृत्व में कार्यकताओं ने होटल 'लालस इन' पर पहुंचकर जोरदार प्रदर्शन किया। मौके पर भारी पुलिस बल तैनात कर होटल को छावनी में तब्दील कर दिया गया। मीरा राठौर और महानगर उपाध्यक्ष संगीता कुलश्रेष्ठ ने चेतावनी दी है कि यदि पीड़ित बालिका को न्याय नहीं मिला और होटल के विरुद्ध ठोस कार्रवाई नहीं की गई, तो 48 घंटे के भीतर वे भूख हड़ताल पर बैठकर उग्र आंदोलन शुरू करेंगी।





हिंदू महासभा के एक प्रतिनिधिमंडल ने थाना इंस्पेक्टर मंटोला को ज्ञापन सौंपकर मामले में गंभीर धाराओं और गैंगस्टर एक्ट के तहत कार्रवाई करने की मांग की है।इस दौरान मीना दिवाकर, मनीष पंडित, निशा ठाकुर, संगीता सक्सेना, बंटी बाबू, नंदू भाई, ओमप्रकाश, विपिन राठौर, अवतार सिंह गिल, बबलू निषाद, मनीष कुमार, शीला देवी, प्रेम देवी, कुसुम, रागिनी शर्मा और मंजू देवी सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## रोडवेज की सख्ती: नो-पार्किंग जोन में बस रोकी तो नपेंगे चालक

### भगवान टॉकीज और रामबाग समेत कई प्रमुख चौराहों पर ठहराव प्रतिबंधित

● टीनएफ टुडे ●



**आगरा।** शहर की चरमराती यातायात व्यवस्था को दुरुस्त करने के लिए रोडवेज प्रशासन ने बड़ा कदम उठाया है। ताजनगरी के प्रमुख चौराहों को जाम के झाम से मुक्ति दिलाने के लिए अब नो-पार्किंग जोन में रोडवेज बसों के ठहराव पर पूरी तरह रोक लगा दी गई है।

नियमों का उल्लंघन कर मनमानी करने वाले बस चालकों के खिलाफ अब सीधे विभागीय और सख्त दंडात्मक कार्रवाई की जाएगी। उत्तर प्रदेश परिवहन निगम के क्षेत्रीय प्रबंधक ब्रह्मप्रकाश अग्रवाल ने बताया कि भगवान टॉकीज, वाटर वर्क्स, अबुलाला दरगाह, रामबाग और यमुना किनारे जैसे व्यस्त स्थानों पर रोडवेज बसों का ठहराव पूरी तरह प्रतिबंधित रहेगा। इन जगहों पर बस रोककर सवारी चढ़ाने या उतारने की अनुमति कतई नहीं होगी। नई गाइडलाइन के अनुसार, सभी चालकों को अनिवार्य रूप से केवल अधिकृत बस स्टैंड पर ही बसें रोकनी होंगी। आरएम ने साफ किया कि सवारी के लालच में बीच सड़क पर बस खड़ी कर यातायात बाधित करने वालों को बख्शा नहीं जाएगा। इस फैसले से शहर की ट्रैफिक व्यवस्था सुचारु होगी और यात्रियों का सफर भी सुरक्षित व सुगम हो सकेगा।

## श्री सिद्ध राजगुरु ठाकुरनाथ योगेश्वर जी का 59वां वार्षिकोत्सव हर्षोल्लास के साथ संपन्न

● टीनएफ टुडे ●

**आगरा (सराय ख्वाजा)।** आज सराय ख्वाजा, स्थित श्री सिद्ध राजगुरु ठाकुरनाथ योगेश्वर जी का 59वां वार्षिकोत्सव अत्यंत भक्तिभाव और उल्लास के साथ मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ गुरु जी के चरणों में वंदन करते हुए सेवादारों द्वारा दीप प्रज्वलन एवं विधिवत आरती के साथ किया गया। इस पावन अवसर पर पीर गुरु डॉ. शंकरनाथ योगी जी के पावन आशीर्वाद से जन-सेवा के कार्यों का आगाज किया गया। वार्षिकोत्सव के उपलक्ष्य में स्थानीय स्तर पर भव्य भंडारे का आयोजन हुआ, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। इसके साथ ही, भीषण गर्मी को देखते हुए जनमानस की सेवा के लिए शरबत प्याऊ की भी स्थापना की गई। कार्यक्रम के दौरान समिति के सदस्यों ने कहा कि, ₹गुरु चरणों में शीश झुकाकर ही वास्तविक सेवा का मार्ग प्रशस्त होता है। गुरु जी की प्रेरणा से ही हम समाज सेवा के इस छोटे से प्रयास को आगे बढ़ा रहे हैं। वार्षिकोत्सव के मुख्य आकर्षण में गुरु जी की तस्वीर के समक्ष आरती करना और उनके द्वारा दिखाए गए सेवा के मार्ग पर चलने का संकल्प लेना रहा। इस पुनीत अवसर पर उपस्थित श्रद्धालुओं और सेवादारों ने गुरु जी के प्रति कृतज्ञता व्यक्त की और उनके आशीर्वाद से समाज कल्याण की कामना की।





## एशियन जूनियर आर्टिस्टिक जिम्नास्टिक चैंपियनशिप से लौटीं अनन्या गुप्ता का भव्य स्वागत

● टीनएफ टुडे ●



**आगरा।** चीन में आयोजित एशियन जूनियर आर्टिस्टिक जिम्नास्टिक चैंपियनशिप-2026 में भारतीय टीम का प्रतिनिधित्व कर आगरा लौटीं एकलव्य स्पोर्ट्स स्टेडियम की होनहार जिम्नास्ट अनन्या गुप्ता का गर्मजोशी से स्वागत किया गया। इस अवसर पर क्षेत्रीय क्रीड़ा अधिकारी श्री संजय शर्मा ने अनन्या को शुभकामनाएँ देते हुए कहा कि अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिता में भारत का प्रतिनिधित्व करना पूरे प्रदेश और आगरा के लिए गर्व की बात है। उन्होंने अनन्या के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए आगे भी उत्कृष्ट प्रदर्शन कर देश का नाम रोशन करने के लिए प्रेरित किया। अनन्या की मुख्य प्रशिक्षक श्रीमती सविता श्रीवास्तव एवं जिम्नास्टिक्स कोच जावेद तथा सहायक प्रशिक्षक श्री राजेश यादव जी ने भी उन्हें बधाई दी और कहा कि उनकी मेहनत, अनुशासन एवं समर्पण अन्य खिलाड़ियों के लिए प्रेरणास्त्रोत हैं। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि अनन्या भविष्य में और भी बड़ी अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में भारत के लिए पदक जीतकर आगरा एवं उत्तर प्रदेश का गौरव बढ़ाएंगी। इस अवसर पर स्टेडियम के खिलाड़ियों एवं खेल प्रेमियों ने भी अनन्या का उत्साहवर्धन करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य के लिए ढेरों शुभकामनाएँ दीं।

## पौधे रोपकर उन्हें बचाने का लिया संकल्प

### वन महोत्सव के तहत एक पेड़ मां के नाम पर रोपे गए पौधे

● टीनएफ टुडे ●

**आगरा।** वन महोत्सव के अवसर पर एक पेड़ मां के नाम के तहत रविवार को तीर्थधाम बटेश्वर में प्रभागीय निदेशक के निर्देश पर वन विभाग की ओर से पौधे रोपे गए। इस दौरान लोगों को अधिक से अधिक पौधे रोपने के लिए जागरूक किया गया। इस दौरान तीर्थधाम क्षेत्र में श्रद्धालुओं और साधू महात्माओं को पौधो वितरित किए गए। आगरा शहर रेंज के अंतर्गत सेक्टर-16 सिकंदरा पदम चौकी प्रभारी रोहित और पदम सोसाइटी की ओर से पौधारोपण किया गया। उधर, जैतपुर रेंज के गढ़वार ग्राम पंचायत के सचिवालय परिसर में पौधारोपण किया गया। कार्यक्रम के दौरान ग्राम प्रधान रामवीर सिंह, बेताल सिंह सहित ग्रामीणों ने पौधे रोपने के साथ ही उन्हें बचाने का संकल्प लिया। वहीं, पिनाहट रेंज के थाना बसई अरेला में भी पौधारोपण किया गया। यहां पौधे रोपने के बाद भंडारे का आयोजन भी किया गया।







# गीता के आदर्शों को जीवन में उतारने का आह्वान

- महामना मालवीय मिशन की श्रीमद्भगवद्गीता व्याख्यानमाला संपन्न
- स्वामी कृष्णकांत ने बताए जीवन की सफलता और सार्थकता के सूत्र

● टीनएफ टुडे ●





**आगरा।** महामना मालवीय मिशन, आगरा संभाग के तत्वावधान में शनिवार को संजय प्लेस स्थित यूथ हॉस्टल में श्रीमद्भगवद्गीता व्याख्यानमाला का आयोजन किया गया। ₹गीता की दृष्टि में जीवन की सफलता व सार्थकता₹ विषय पर आयोजित कार्यक्रम में मुख्य वक्ता पूज्य आचार्य स्वामी कृष्णकांत ने गीता के संदेशों को जीवन में अपनाने का आह्वान किया। कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती और भारत रत्न पंडित मदन मोहन मालवीय के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलन के साथ हुआ। इसके बाद काशी हिंदू विश्वविद्यालय का कुलगीत प्रस्तुत किया गया। इस अवसर पर मिशन की त्रैमासिक पत्रिका मिशन संदेश (अप्रैल-जून 2026, श्रीनगर विशेषांक) का भी लोकार्पण किया गया।

मिशन के उपाध्यक्ष प्रभाकर शर्मा (आईआरएस) ने स्वागत उद्बोधन दिया, जबकि मार्गदर्शक श्रीकृष्ण गौतम ने अपने संबोधन में गीता के आदर्शों को जीवन में अपनाने की आवश्यकता पर बल दिया। महासचिव एवं पर्यावरण कार्यकर्ता राकेश चंद्र शुक्ला ने व्याख्यानमाला की पृष्ठभूमि और मिशन की गतिविधियों की जानकारी देते हुए कहा कि संस्था का उद्देश्य गीता के सार्वभौमिक संदेश को समाज के प्रत्येक वर्ग तक पहुंचाना है। मुख्य वक्ता स्वामी कृष्णकांत ने कहा कि श्रीमद्भगवद्गीता केवल धार्मिक ग्रंथ नहीं, बल्कि जीवन जीने की कला का शाश्वत मार्गदर्शक है। उन्होंने कर्मयोग, समत्व, आत्मानुशासन, कर्तव्यनिष्ठा और राष्ट्रसेवा को गीता का मूल संदेश बताते हुए कहा कि गीता का अध्ययन तभी सार्थक है, जब उसके सिद्धांत व्यवहार में दिखाई दें। उन्होंने कहा कि किसी भी विषय पर निर्णय लेने से पहले दोनों पक्षों को सुनना चाहिए, निर्णय भावनात्मक आवेश में नहीं लेना चाहिए और जीवन में संबंधों तथा मानवीय मूल्यों को सर्वोच्च स्थान देना चाहिए। उनके व्याख्यान को उपस्थित लोगों ने काफी सराहा। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रो. (डॉ.) नरेश चंद्र गौतम ने की। उन्होंने कहा कि श्रीमद्भगवद्गीता मानव जीवन के प्रत्येक क्षेत्र में मार्गदर्शन देने वाला अनुपम ग्रंथ है और इसके जीवन मूल्यों को अपनाना समय की आवश्यकता है। कार्यक्रम का संचालन श्रुति सिन्हा ने किया। इस अवसर पर प्रभाकर शर्मा, डॉ. रजनीश, डॉ. गिरीश गुप्ता, सतीश देव त्यागी, मीरा सक्सेना, डॉ. विजय सिंघल, विनीता मित्तल, श्रुति दास, आरती शर्मा, मृदुल कुलश्रेष्ठ, जितेंद्र फौजदार, डॉ. मृदुल पांड्या, डॉ. वीरेन्द्र प्रकाश, डॉ. चांदनी यादव, पूनम वैष्णेय, डॉ. मंजू गुप्ता, रामेन्द्र शर्मा, उमाशंकर पराशर, चतुर्वेदी तिवारी, विजय गोयल, ऋतु गोयल, डॉ. ज्योति गुप्ता, मुकेश जादौन, सुरेश तिवारी, प्रेम कुमार शर्मा, प्रो. सुरेन्द्र सिंह चौहान, अमित लवानिया, चन्द्रशेखर शर्मा, अवनीश शुक्ला, डी.के. पाण्डेय, नीलम गुप्ता, डॉ. आनन्द राय, अशोक गौतम, पी.के. शर्मा, जगमोहन गुप्ता, प्रो. अमिता त्रिपाठी, संतोष गौतम, अजय गुप्ता सहित बड़ी संख्या में शिक्षाविद, चिकित्सक, सामाजिक कार्यकर्ता और विद्यार्थी उपस्थित रहे। अंत में राकेश चंद्र शुक्ला ने सभी अतिथियों, प्रतिभागियों और सहयोगियों का आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम का समापन वंदे मातरम् और राष्ट्रगान के साथ हुआ।

**टीएनएफ टुडे** मीडिया नेटवर्क प्राइवेट लिमिटेड के लिए **धीरज शर्मा** द्वारा श्रीराम मार्केट फूलपुर अड्डा, देवरी रोड, फतेहाबाद आगरा से प्रकाशित एवं मुद्रक पवन पाठक द्वारा इम्प्रैशन प्रिंटिंग एंड पैकेजिंग लिमिटेड गुरू का ताल सिकंदरा रोड आगरा से मुद्रित।
**संपादक: धीरज शर्मा**, फोनः 9412359817, E mail: tnftoday.com@gmail.com वेबसाइटः www.tnftoday.com
पंजीयन नं. UPHIN/25/A3702 (संपादक इस अंक में प्रकाशित समाचार के चयन एवं संपादन हेतु पी.आर.पी. एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी।)

## सम्पादकीय

# योजना विहीन ताज नगरी

विश्व के सात अजूबों में शुमार 'ताजमहल' की नगरी आगरा में पर्यटकों की संख्या में अचानक आई कमी ने सभी को चिंता में डाल दिया है। हालांकि सरकार ने इस मुद्दे पर गौर करना शुरू कर दिया है, लेकिन अभी तक इसके पीछे छिपी वास्तविकताओं को सार्वजनिक नहीं किया गया है। स्थानीय व्यापार संघों और सरकारी महकमों के बीच समन्वय का अभाव इस समस्या को और गहरा रहा है, जिस पर तत्काल ध्यान देने की आवश्यकता है।आगरा में पर्यटकों की संख्या में गिरावट का मुख्य कारण आधारभूत संरचना की कमी, भीषण गर्मी, और पर्यटकों को शहर में अधिक समय तक रोकने के लिए मनोरंजक गतिविधियों का अभाव है। इस स्थिति से निपटने के लिए सरकार और व्यापार संघ को मिलकर काम करना होगा ताकि आर्थिक नुकसान को रोका जा सके। पर्यटन विशेषज्ञों और स्थानीय लोगों के अनुसार, पर्यटकों की संख्या में गिरावट के पीछे कई कारण हैं: सरकार यदि कोई नई पर्यटन नीति या विकास कार्य लागू करती है, तो उसे जमीनी स्तर पर काम करने वाले व्यापार संघों को विश्वास में लेना चाहिए। संघों के पास पर्यटकों की सीधी प्रतिक्रिया (फीडबैक) होती है। इसलिए, नीतियां एसी कमरों में बैठकर बनाने के बजाय स्थानीय हितधारकों के साथ विचार-विमर्श करके बनाई जानी चाहिए। पर्यटक केवल ताजमहल देखने आते हैं और कुछ ही घंटों में वापस लौट जाते हैं। अन्य स्मारकों (जैसे- आगरा किला, फतेहपुर सीकरी) तक पर्यटकों को आकर्षित करने की ठोस योजना नहीं बनाई गई है।

## चिंता की बात

# राम राम के मायने



अयोध्या में राम मंदिर के लिए मिले चंदे में कथित हेराफेरी को लेकर चल रहे विवाद के बीच, जब राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (फ्रर) प्रमुख मोहन भागवत से इस आरोप के बारे में पूछा गया कि कुछ लोग भगवान राम में लोगों की आस्था को कमजोर करने की कोशिश कर रहे हैं, तो उन्होंने शनिवार को इस पर संक्षिप्त लेकिन तीखी प्रतिक्रिया दी। जब नागपुर में पत्रकारों ने भागवत से उन दावों पर प्रतिक्रिया मांगी कि भगवान राम में भक्तों की आस्था को कम करने की कोशिशें की जा रही हैं, तो फ्रर प्रमुख ने बस "राम-राम" कहा और आगे बढ़ गए।इस मामले में अब तक आठ लोगों को गिरफ़्तार किया जा चुका है। इनमें भक्तों के चढ़ावे की गिनती करने वाले छह आउटसोर्स कर्मचारी और ट्रस्ट के जनरल सेक्रेटरी चंपत राय के करीबी सहयोगी राम शंकर यादव उर्फ़ टिन्नू शामिल हैं। अविनाश शुक्ला उन छह आउटसोर्स कर्मचारियों में से एक थे। उत्तर प्रदेश पुलिस ने शुक्रवार को इस मामले में अपनी समानांतर आपराधिक जांच तेज कर दी। पुलिस ने गिरफ़्तार आरोपी अविनाश शुक्ला को 24 घंटे की पुलिस कस्टडी में लिया ताकि बरामदगी की जा सके, घटनाक्रम को फिर से समझा जा सके और नई जानकारियों की पुष्टि की जा सके। वहीं, राज्य सरकार की रक्ळ श्री राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के वित्तीय और प्रशासनिक कामकाज की जांच करती रही। पुलिस की एक टीम सुबह करीब 9 बजे अयोध्या ज़िला जेल पहुँची और शुक्ला को कस्टडी में लेकर रिजर्व पुलिस लाइन्स ले गई, जहाँ उससे लगभग दो घंटे तक पूछताछ की गई। ल्ळ की एक पुरानी रिपोर्ट में सूत्रों के हवाले से बताया गया है कि इसके बाद जाँचकर्ता उसे अयोध्या में कई जगहों पर और बाद में उसके गृह ज़िले प्रतापगढ़ ले गए ताकि उसके बयानों की पुष्टि की जा सके।

# शादी का न्योता, वंदे भारत का सफर और बदलते भारत की नई रेल कहानी

## पटरियों पर दौड़ता नया हिंदुस्तान, मुस्कुराता मध्यवर्ग और मजबूत होती राष्ट्रीय एकता

> "भारतीय रेल केवल लोहे की पटरियां और इंजन नहीं है। यह देश की धड़कन है। यह गांवों को शहरों से, पहाड़ों को समुद्र से और दिलों को दिलों से जोड़ती है। आज भारतीय रेल दुनिया के सबसे बड़े रेल नेटवर्कों में शामिल है। करीब 68 हजार किलोमीटर लंबे नेटवर्क पर रोज लगभग 13 हजार यात्री ट्रेनें दौड़ती हैं। हर दिन 2 करोड़ 30 लाख से अधिक लोग रेल से सफर करते हैं। यानी कई देशों की पूरी आबादी से भी ज्यादा लोग रोज भारतीय रेल पर भरोसा करते हैं।

एक जमाना था, जब शादी का कार्ड मिलते ही सबसे पहले रेल यात्रा की चिंता शुरू हो जाती थी। टिकट मिलेगा या नहीं? ट्रेन समय पर चलेगी या नहीं? भीड़ कितनी होगी? रात कैसे कटेगी? बच्चे संभलेंगे या नहीं? बिस्तरबंद, संदूकों, सुराही, खाने में पूरी सब्जी, नमकीन, डकार के लिए चूर्ण! फुल टेंशन।

आज तस्वीर बदल रही है।

इस सप्ताह चेन्नई में हमारे परिवार की एक शादी है। लेकिन यह सिर्फ एक शादी नहीं, बदलते भारत की एक खूबसूरत राष्ट्रीय एकता की कहानी भी है। रिश्तेदार देश के अलग-अलग शहरों से आ रहे हैं। कोई बेंगलुरु से, कोई कोयंबटूर से, लड़के वाले दिल्ली से, रिश्तेदार हैदराबाद से और कोलकाता से भी। हम दोनों, मैं और मेरी पत्नी, मैसूर से वंदे भारत एक्सप्रेस में सवार हुए और पांच घंटे में बैंगलोर होकर चेन्नई पहुंचे।

सफर शुरू होते ही लगा कि मंज़िल से पहले ही जश्न शुरू हो गया है। कोच चमचमा रहा था। सीटें आरामदेह थीं। झटके नाममात्र के थे। न खाने की फिक्र, न पानी की चिंता। गर्मागर्म नाश्ता और चाय अपनी सीट पर ही मिल गए। साफ-सुथरे शौचालय, शांत माहौल और बड़ी खिड़कियों से बाहर भागते खेत, पहाड़ और गांव। चेन्नई कब आ गया, पता ही नहीं चला। स्टेशन पर उतरे तो ऐसा नहीं लगा कि कई घंटे की यात्रा करके आए हैं। हम सीधे शादी की रौनक में शामिल होने के लिए तैयार थे।

यही सबसे बड़ा बदलाव है। एक समय रेल यात्रा अपने आप में इम्तिहान होती थी। लोग घर से पूड़ी-सब्जी, अचार, पानी की बोतलें और दवाइयों का थैला लेकर चलते थे। पूरी रात सामान की रखवाली करनी पड़ती थी। शादी में पहुंचते-पहुंचते आधी थकान चेहरे पर साफ दिखाई देती थी।

आज वंदे भारत ने सफर की पूरी तासीर बदल दी है। अब यात्रा बोझ नहीं, छुट्टियों और खुशियों का हिस्सा बन गई है। भारत का नया आकांक्षी मध्यवर्ग यही चाहता था। वह हवाई यात्रा जितना आराम चाहता है, लेकिन परिवार के साथ रेल यात्रा का अपनापन भी नहीं छोड़ना चाहता। वंदे भारत ने दोनों के बीच का रास्ता निकाल दिया है।

ट्रेन के भीतर भी भारत की एक छोटी-सी तस्वीर दिखाई देती है। कोई लैपटॉप पर काम कर रहा है।



बच्चे खिड़की से बाहर झांक रहे हैं। बुजुर्ग आराम से अखबार पढ़ रहे हैं। अलग-अलग भाषाएं सुनाई देती हैं, लेकिन मुस्कान की भाषा सबकी एक होती है। मोबाइल प्रेम इतना बढ़ गया है, की पहले जैसे आपस में अजनबी बात नहीं करते!

भारतीय रेल केवल लोहे की पटरियां और इंजन नहीं है। यह देश की धड़कन है। यह गांवों को शहरों से, पहाड़ों को समुद्र से और दिलों को दिलों से जोड़ती है। आज भारतीय रेल दुनिया के सबसे बड़े रेल नेटवर्कों में शामिल है। करीब 68 हजार किलोमीटर लंबे नेटवर्क पर रोज लगभग 13 हजार यात्री ट्रेनें दौड़ती हैं। हर दिन 2 करोड़ 30 लाख से अधिक लोग रेल से सफर करते हैं। यानी कई देशों की पूरी आबादी से भी ज्यादा लोग रोज भारतीय रेल पर भरोसा करते हैं।

साल 2019 में पहली वंदे भारत एक्सप्रेस नई दिल्ली और वाराणसी के बीच शुरू हुई थी। आज 2026 तक देश के अलग-अलग हिस्सों में 160 से अधिक वंदे भारत सेवाएं चल रही हैं। इन ट्रेनों का निर्माण चेन्नई की इंटीग्रल कोच फैक्टरी में 'मेक इन इंडिया' अभियान के तहत हुआ है। यह केवल एक ट्रेन नहीं, बल्कि आत्मविश्वास से भरे नए भारत की पहचान बन चुकी है।

समय की बरबादी और सिरदर्दियों से तो बचते ही हैं, इसका सबसे बड़ा फायदा यह है कि रिश्ते और भी करीब आ गए हैं।

अब मैसूर का परिवार आराम से चेन्नई की शादी में शामिल हो सकता है। बेंगलुरु का बेटा सुबह निकलकर दोपहर तक घर पहुंच सकता है। बुजुर्ग बिना ज्यादा थके बच्चों और पोते-पोतियों से मिलने जा सकते हैं। रेल अब केवल यात्रियों को नहीं, उम्मीदों को भी मंज़िल तक पहुंचा रही है।

यह भी सच है कि भारतीय रेल की असली ताकत केवल वंदे भारत नहीं है। लाखों लोगों के लिए आज भी साधारण मेल, एक्सप्रेस और पैसेंजर ट्रेनें जीवनरेखा हैं। किसान, मजदूर, छात्र, व्यापारी और तीर्थयात्री, सबके लिए रेल बराबरी का सफर उपलब्ध कराती है।

इसी बराबरी में भारत की असली ताकत छिपी है।

रेल हमें केवल एक शहर से दूसरे शहर नहीं ले जाती। वह हमें एक-दूसरे के और करीब भी ले आती है। रास्ते में मिलने वाले लोग, बदलते नजारे, अलग-अलग बोलियां और साझा मुस्कानें हमें याद दिलाती हैं कि विविधता के बावजूद हम एक ही देश की संतान हैं। इस बार चेन्नई की शादी में हमारे परिवार को जोड़ने का काम केवल रिश्तों ने नहीं किया। वंदे भारत ने भी उतनी ही अहम भूमिका निभाई।

कभी-कभी राष्ट्र निर्माण बड़े-बड़े भाषणों से नहीं होता। वह तब होता है, जब दादा-दादी बिना थके शादी में पहुंच जाएं। जब बच्चे सफर का आनंद लें। जब रिश्तेदार समय पर मिलें। जब यात्रा शिकायत नहीं, खुशगवार याद बन जाए।

भारतीय रेल पिछले 170 वर्षों से देश को जोड़ती आई है। वंदे भारत उस लंबी यात्रा का नया पड़ाव है। यह केवल तेज रफ्तार ट्रेन नहीं, बल्कि उस नए भारत की तस्वीर है जो अपने नागरिकों को सुविधा, सम्मान और बेहतर जीवन देना चाहता है।

मैसूर से चेन्नई तक के इस सफर में हमने सिर्फ दूरी तय नहीं की। हमने बदलते भारत की रफ्तार को अपनी आंखों से देखा, महसूस किया और जिया।

**-बृज खंडेलवाल**

# सिर्फ नाम नहीं है बरकतउल्ला विश्वविद्यालय

हाल के दिनों में भोपाल स्थित बरकतउल्ला विश्वविद्यालय का नाम बदलकर 'वाग्देवी भोजपाल विश्वविद्यालय' करने के प्रस्ताव ने मध्यप्रदेश में तीखी बहस छेड़ दी। विश्वविद्यालय की कार्यपरिषद द्वारा पारित इस प्रस्ताव के खिलाफ भोपाल सहित प्रदेश के अनेक हिस्सों में विरोध हुआ। शिक्षकों, छात्रों, इतिहासकारों, सामाजिक संगठनों और विभिन्न राजनीतिक दलों ने इसे एक स्वतंत्रता सेनानी और शिक्षाविद के सम्मान के प्रतिकूल बताया।

नाम परिवर्तन का विरोध लगातार तेज हो रहा था। इस बीच विश्वविद्यालय अन्य प्रशासनिक विवादों में भी चर्चा में आ गया। बाद में कुलपति ने इस्तीफा दे दिया। इसके बाद नाम परिवर्तन के प्रस्ताव को लेकर उठते सवालों पर रजिस्ट्रार ने कहा कि यह पूर्व कुलपति की पहल थी और उनके पद छोड़ने के बाद इस पर आगे नहीं बढ़ा जा रहा है। उन्होंने यह भी कहा कि उच्च शिक्षा विभाग ने इस प्रस्ताव का समर्थन नहीं किया था। यद्यपि यह केवल रजिस्ट्रार का बयान था। कार्यपरिषद ने अपना प्रस्ताव अब तक औपचारिक रूप से वापस नहीं लिया है और न ही इस संबंध में कोई सार्वजनिक अधिसूचना जारी हुई है। मामला फिलहाल ठंडे बस्ते में चला गया है और विरोध भी धीमा पड़ गया है। लेकिन जब तक प्रस्ताव विधिवत वापस नहीं लिया





जाता, तब तक इस विवाद को समाप्त मानना उचित नहीं होगा।

सबसे बड़ा प्रश्न यह है कि आखिर इसकी आवश्यकता क्या थी? क्या किसी एक महापुरुष का सम्मान दूसरे महापुरुष की पहचान मिटाकर किया जाना चाहिए? विरोध करने वालों का भी यही कहना था कि यदि राजा भोज या वाग्देवी के सम्मान में विश्वविद्यालय स्थापित करना है तो नया विश्वविद्यालय बनाया जाए। लेकिन दशकों से एक स्वतंत्रता सेनानी के नाम से जुड़ी संस्था की पहचान बदलना इतिहास के साथ न्याय नहीं होगा।

मौलाना बरकतउल्ला भोपाली केवल भोपाल के नहीं, बल्कि भारतीय स्वतंत्रता आंदोलन के अंतरराष्ट्रीय चेहरों में से एक थे। 7 जुलाई,1854 में जन्मे बरकतउल्ला उच्च कोटि के शिक्षाविद, बहुभाषाविद और क्रांतिकारी राष्ट्रवादी थे। उन्होंने जापान सहित अनेक देशों में अध्यापन किया और विदेशों में भारत की आजादी के पक्ष में जनमत तैयार किया। प्रथम विश्वयुद्ध के दौरान उन्होंने विदेशों में सक्रिय भारतीय क्रांतिकारियों के साथ मिलकर ब्रिटिश शासन के खिलाफ अभियान चलाया। 1 दिसंबर, 1915 में काबुल में गठित भारत की निर्वासित अस्थायी सरकार में वे प्रधानमंत्री बने, जबकि राजा महेंद्र प्रताप उसके राष्ट्रपति थे। विदेशी धरती पर भारत की स्वतंत्रता के लिए यह अपने समय का ऐतिहासिक राजनीतिक प्रयास था। स्वतंत्र भारत देखने से पहले ही उनका निधन हो गया, लेकिन उनका योगदान भारतीय इतिहास में हमेशा दर्ज रहेगा। इसी योगदान के सम्मान में 1988 में भोपाल विश्वविद्यालय का नाम बदलकर बरकतउल्ला विश्वविद्यालय रखा गया था। यह निर्णय किसी धार्मिक पहचान के आधार पर नहीं, बल्कि उस व्यक्ति के सम्मान में लिया गया था जिसने अपना पूरा जीवन भारत की स्वतंत्रता के लिए समर्पित कर दिया। इसलिए यदि आज उसी विश्वविद्यालय से उनका नाम हटाने की कोशिश होती है तो स्वाभाविक है कि समाज सवाल पूछे।

इस पूरे विवाद के दौरान यह प्रश्न भी उठता रहा कि क्या बरकतउल्ला का नाम केवल इसलिए विवाद का विषय बना क्योंकि वे मुस्लिम थे? सरकार और विश्वविद्यालय ने ऐसा कोई कारण नहीं बताया। ऐसे में इस आशंका को पूरी तरह समाप्त करने का सबसे उचित तरीका यही है कि नाम परिवर्तन के प्रस्ताव को औपचारिक रूप से वापस लिया जाए। अन्यथा यह विवाद समय-समय पर फिर उभर सकता है।

दूसरा बड़ा सवाल यह है कि क्या विश्वविद्यालयों की सबसे बड़ी समस्या वास्तव में उनका नाम है? प्रदेश के अधिकांश विश्वविद्यालय आज घटते नामांकन, रिक्त पदों, कमजोर शोध, परीक्षा संबंधी समस्याओं, प्रशासनिक विवादों और गुणवत्ता सुधार जैसी गंभीर चुनौतियों से जूझ रहे हैं। स्वयं बरकतउल्ला विश्वविद्यालय भी समय-समय पर इन्हीं कारणों से चर्चा में रहा है। ऐसे में प्राथमिकता नाम बदलना नहीं, बल्कि शिक्षा की गुणवत्ता सुधारना होनी चाहिए।

राजा भोज भारतीय इतिहास के कुशल शासक, विद्वान और संस्कृ ति पुरुष माने जाते हैं। यदि राज्य सरकार उनके नाम पर नया विश्वविद्यालय, शोध संस्थान, उत्कृष्टता केंद्र या अन्य शैक्षणिक संस्था स्थापित करना चाहे तो वह कर सकती है। लेकिन इसके लिए बरकतउल्ला विश्वविद्यालय की ऐतिहासिक पहचान बदलना न आवश्यक है और न ही न्यायसंगत है।

विश्वविद्यालय केवल डिग्री देने वाले संस्थान नहीं होते, वे समाज की ऐतिहासिक स्मृति के भी संरक्षक होते हैं। इसलिए यह पर्याप्त नहीं कि यह प्रस्ताव फिलहाल ठंडे बस्ते में पड़ा है। कार्यपरिषद को इसे औपचारिक रूप से वापस लेना चाहिए, ताकि भविष्य में इसे फिर जीवित करने की गुंजाइश न रहे। राज्य सरकार को भी स्पष्ट संदेश देना चाहिए कि स्वतंत्रता सेनानियों और शिक्षाविदों की विरासत से किसी प्रकार का समझौता नहीं किया जाएगा। बरकतउल्ला विश्वविद्यालय की पहचान अक्षुण्ण रहनी चाहिए। यही इतिहास, उच्च शिक्षा और स्वतंत्रता संग्राम—तीनों के प्रति सच्चा सम्मान होगा।

**-राजु कुमार**

## सितारों की चाल: आपका भविष्यफल

**दिनांक 07 जुलाई 2026 मंगलवार आषाढ़ कृष्ण अष्टमी**

**कल का दिन कैसा होगा? इसकी तैयारी आज ही करें!**

प्रिय पाठकों, TNF टुडे हमेशा आपकी सुविधा को सर्वोपरि रखता है। इसी उद्देश्य से हम आपको एक दिन अग्रिम (Advance) राशिफल प्रदान कर रहे हैं ताकि आप अपने महत्वपूर्ण कार्यों, बैठकों और यात्राओं की योजना आज रात ही बना सकें। सितारों की चाल जानकर संभावित चुनौतियों के प्रति पहले से सजग रहना ही सफलता की पहली सीढ़ी है।



मार्गदर्शन: आचार्य दीदी
डॉ. सरस्वती देवकृष्ण गौड़
(एस्ट्रो वास्तु शोधनम)
मो. 9119336673

### शुभकार्य हेतु आज का चंद्रबल

आज मेष मिथुन कर्क सिंह तुला और धनु राशि के जातकों का आत्मबल मानसिक उत्साह और भाग्य का सहयोग बहुत उत्तम रहेगा। मंगलवार का दिन साक्षात संकटमोचन हनुमान जी और मंगल देव की साधना और उपासना के लिए विशेष रूप से फलदायी माना जाता है। आज के दिन हनुमान जी को लाल पुष्प या सिंदूर अर्पित करना हनुमान चालीसा का मानसिक जप करना और लाल या हल्के केसरिया रंग के वस्त्र धारण करना जीवन में असीम साहस सामाजिक मान सम्मान आरोग्यता और व्यापारिक सुख समृद्धि में भारी वृद्धि लेकर आता है।

### मेष

आज आपकी सामाजिक प्रतिष्ठा और राजनैतिक प्रभाव में भारी वृद्धि होगी जिससे कार्यक्षेत्र में आपका वर्चस्व बढ़ेगा और सोचे हुए सभी सरकारी काम गति पकड़ेंगे। व्यापारिक क्षेत्र में चल रही पुरानी मंदी आज पूरी तरह समाप्त होगी और अचानक नए माध्यमों से प्रचुर धन लाभ होने के सुंदर योग बन रहे हैं। हनुमान जी को बूंदी का भोग अर्पित करें जिससे आपके मार्ग की सभी बाधाएं हमेशा के लिए दूर होंगी।

### वृष

आज का दिन आपके लिए आर्थिक और पारिवारिक दृष्टिकोण से अत्यंत भाग्यशाली सिद्ध होगा और भूमि भवन से जुड़े पुराने विवाद पूरी तरह हल होंगे। कार्यक्षेत्र में वरिष्ठ अधिकारियों के सहयोग से आपको किसी बड़े और प्रतिष्ठित कार्य की जिम्मेदारी मिल सकती है जिससे मन अत्यंत प्रसन्न रहेगा। मुख्य द्वार पर शुद्ध घी का दीपक जलाएं जिससे आपके घर में स्थाई सुख और ऐश्वर्य का वास होगा।

### मिथुन

आज आप अपनी तीव्र बुद्धिमत्ता और प्रखर वाणी के बल पर जटिल से जटिल सांगठनिक और व्यापारिक समस्याओं को बेहद आसानी से हल कर लेंगे। स्वास्थ्य के प्रति बिल्कुल भी लापरवाही न बरतें और विशेष रूप से अत्यधिक काम के बोझ के कारण होने वाली शारीरिक थकावट से खुद को बचाएं। किसी जरूरतमंद को मसूर की दाल का दान करें जिससे आपके भाग्य के बंद द्वार शीघ्र खुलेंगे।

### कर्क

मानसिक रूप से आज आप खुद3 को अत्यधिक ऊर्जावान और शांत महसूस करेंगे जिससे किसी बड़े व्यावसायिक निवेश का निर्णय लेने में आपको सफलता मिलेगी। परिवार की ओर से कोई अत्यंत सुखद और गौरवमयी समाचार प्राप्त हो सकता है जिससे पूरे परिवार में उल्लास का माहौल बना रहेगा। हनुमान जी के सम्मुख बैठकर प्रार्थना करें जिससे आपकी आर्थिक चिंताएं समाप्त होंगी।

### सिंह

आज कार्यस्थल पर सहकर्मियों या व्यावसायिक साझेदारों के साथ किसी भी प्रकार के व्यर्थ के अहंकार के टकराव से आपको पूरी तरह बचना होगा। वाहन या किसी भी प्रकार की मूल्यवान वस्तु खरीदते समय अपने बजट का विशेष ध्यान रखें और अत्यधिक फिजूलखर्ची पर नियंत्रण रखें। मस्तक पर लाल चंदन का तिलक लगाएं जिससे राजनीति के क्षेत्र में आपकी ऐतिहासिक विजय होगी।

### कन्या

आज आपको मित्रों और वरिष्ठ सहयोगियों की मदद से किसी बड़े नए व्यावसायिक अनुबंध की प्राप्ति होगी जिससे आपकी संचित पूंजी में वृद्धि होगी। विद्यार्थियों को परीक्षा में अपनी कठिन मेहनत का बेहद सकारात्मक और मनोनुकूल परिणाम प्राप्त होने के सुंदर योग बन रहे हैं। पक्षियों के लिए अनाज की व्यवस्था करें जिससे आपके यश और कीर्ति में निरंतर वृद्धि होगी।

### तुला

आज सामाजिक और राजनैतिक क्षेत्र से जुड़े जातकों का प्रभाव क्षेत्र बढ़ेगा और समाज में उनके द्वारा किए गए कार्यों की हर स्तर पर सराहना होगी। दांपत्य जीवन में मधुरता बनी रहेगी और जीवनसाथी के सहयोग से कोई बड़ा रुका हुआ पारिवारिक काम आज आसानी से पूरा हो जाएगा। किसी मंदिर में तांबे के पात्र का दान करें जिससे आपके जीवन के सभी भ्रम दूर होंगे।

### वृश्चिक

धार्मिक यात्राओं और देव दर्शन के सुंदर योग बन रहे हैं जिससे आपकी आंतरिक व्याकुलता पूरी तरह शांत होगी और मन को असीम संबल मिलेगा। व्यावसायिक क्षेत्र में किसी भी अपरिचित व्यक्ति पर जरूरत से ज्यादा भरोसा न करें अन्यथा आपको बड़ा आर्थिक नुकसान उठाना पड़ सकता है। हनुमान बाहुक का पाठ करें जिससे आपके मार्ग की सभी गुप्त राजनैतिक बाधाएं दूर होंगी।

### धनु

आज सेहत को लेकर विशेष रूप से सावधान रहने की आवश्यकता है क्योंकि अत्यधिक कार्यभार के कारण शारीरिक कमजोरी महसूस हो सकती है। सगे संबंधियों के साथ धन का बड़ा लेन देन करते समय पूरी सावधानी बरतें और बिना लिखा पढ़ी के कोई बड़ा आर्थिक व्यवहार न करें। गायत्री मंत्र का मानसिक जाप करें जिससे आपके भीतर एक अद्भुत और नई सकारात्मक ऊर्जा का संचार होगा।

### मकर

साझेदारी में चल रहे व्यापार में आज मनोनुकूल प्रगति होगी और नए बड़े व्यावसायिक सहयोगी जुड़ने से आपके काम को बाजार में एक नई गति प्राप्त होगी। प्रेम संबंधों और पारिवारिक रिश्तों में आपसी तालमेल बहुत मधुर रहेगा तथा सभी सदस्य एक दूसरे की भावनाओं का पूरा सम्मान करेंगे। बजरंग बली को प्रणाम करें जिससे आपके पारिवारिक जीवन के सभी कष्ट हमेशा के लिए दूर होंगे।

### कुंभ

आज आप अपने पराक्रम और कुशल कूटनीति के बल पर विरोधियों और शत्रुओं के हर चक्रव्यूह को पूरी तरह से ध्वस्त करने में सफल रहेंगे। पुराने कानूनी मामलों में आज आपके पक्ष में कोई बहुत बड़ी और सुखद खबर सुनने को मिल सकती है। किसी गरीब व्यक्ति को भोजन का दान करें जिससे आपके मन का अज्ञात भय पूरी तरह समाप्त हो जाएगा।

### मीन

कला साहित्य लेखन और रचनात्मक क्षेत्रों से जुड़ी प्रतिभाओं को आज कोई बड़ा राष्ट्रीय सम्मान या विशिष्ट पहचान मिलने के सुंदर योग बन रहे हैं। संतान पक्ष की शिक्षा या करियर को लेकर चल रही पुरानी चिंताएं आज पूरी तरह समाप्त होंगी जिससे मन को बड़ी राहत मिलेगी। हनुमान जी के मंदिर में जाकर चमेली के तेल का दीपक प्रज्वलित करें जिससे आपके सुख और भौतिक साधनों में निरंतर वृद्धि होगी।

### आज का वास्तु शोधनम सूत्र

मंगलवार के दिन घर के दक्षिण पूर्व कोण यानी आग्नेय कोण में एक मिट्टी के दीपक में कपूर और दो लौंग जलाकर पूरे घर में दिखाने से घर का भयंकर वास्तु दोष पूरी तरह शांत होता है तथा साक्षात संकटमोचन हनुमान जी की असीम कृपा से परिवार के सदस्यों का मानसिक व शारीरिक संकट दूर होता है और सुख समृद्धि हमेशा बढ़ती रहती है।

# शमशाबाद में करंट लगने से पति-पत्नी की मौत

### घर में ही सो रहे उनके चार बच्चे, सभी सकुशल

● टीएनएफ टुडे ●

**शमशाबाद (आगरा)।** क्षेत्र के गांव कुतकपुर रोहई में शनिवार की रात बिजली का करंट लगने से पति-पत्नी की दर्दनाक मौत हो गई। हादसे के समय घर में चार बच्चे भी मौजूद थे।

जानकारी के अनुसार शनिवार की रात गांव कुतकपुर निवासी जगदीश अपनी पत्नी शशि और चार बच्चों के साथ अपने घर में थे। रात को किसी तरह घर में बिजली का करंट फैल गया। जिसकी चपेट में आकर जगदीश और उनकी पत्नी शशि की मौके पर ही मौत हो गई। इस हृदयविदारक घटना से गांव में शोक की लहर है। चार बच्चों के सिर से एक साथ माता-पिता का साया उठ जाने से गांव वाले भी गमगीन हैं।

**सुबह हुई घटना की जानकारी**

रविवार सुबह जब काफी देर तक घर का दरवाजा नहीं खुला तो जगदीश की मां को शक हुआ। उन्होंने दरवाजे पर जाकर आवाज दी, लेकिन अंदर से कोई जवाब नहीं मिला। संदेह होने पर परिजनों ने दरवाजा तोड़ दिया। अंदर का नजारा देखकर सभी के होश उड़ गए। जगदीश और उनकी पत्नी शशि के शव घर के फर्श पर पड़े थे।

**करंट कैसे फैला, पुलिस कर रही जांच**

सूचना पर पहुंची शमशाबाद पुलिस ने दोनों शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है कि घर में करंट किस वजह से फैला था।

# सपा कार्यकर्ताओं ने रोपे 53 पौधे

### नवनियुक्त राष्ट्रीय उपाध्यक्ष विजेंद्र शर्मा का किया स्वागत

● टीएनएफ टुडे ●

**फतेहाबाद।** समाजवादी पार्टी प्रमुख अखिलेश यादव के जन्मदिवस के उपलक्ष्य में चल रहे सात दिवसीय पीडीए पौधारोपण कार्यक्रम के तहत रविवार को ग्राम बसई के बूथ पर कार्यकताओं ने 53 पौधे रोपे। कार्यकताओं ने पौधरोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संकल्प लिया और समाज को 'पर्यावरण बचाओ' का संदेश दिया।

दूसरी ओर, क्षेत्र के ग्राम बड़ी बसई निवासी विजेंद्र शर्मा को सपा मजदूर सभा का राष्ट्रीय उपाध्यक्ष मनोनीत किए जाने पर कार्यकताओं में भारी उत्साह देखा गया। इस उपलब्धि पर जिलाध्यक्ष ऊदल सिंह कुशवाहा व महासचिव संतोष पाल के नेतृत्व में पार्टी पदाधिकारियों ने विजेंद्र शर्मा के आवास पर पहुंचकर उनका भव्य स्वागत किया। सभी सम्मानित साथियों ने उन्हें माला एवं साफा पहनाकर बधाई दी और मिठाई बांटी।

इस अवसर पर पवन प्रजापति, राजेश शर्मा, प्रहलाद गुर्जर, महेश सिसोदिया, सौरभ शर्मा, बच्चू सिंह निषाद, हेमंत यादव, रामसेवक जाटव, महताब गुर्जर, योगेंद्र गुर्जर, आदिल बेग, सुनील नीलम, असलम खान, विवेक शर्मा व प्रमोद प्रधान सहित बड़ी संख्या में समाजवादी पार्टी के कार्यकर्ता व ग्रामीण उपस्थित रहे।

# डिजिटल क्रांति की ओर कदम

### ग्राम पंचायत नादऊ में अत्याधुनिक लाइब्रेरी का उद्घाटन



● टीएनएफ टुडे ●

**खंदौली (आगरा)।** शिक्षा और तकनीक को ग्रामीण अंचल तक पहुँचाने की दिशा में ब्लॉक खंदौली ने एक और बड़ी उपलब्धि हासिल की है। ब्लॉक प्रमुख आशीष कुमार शर्मा ने ग्राम पंचायत नादऊ में नवनिर्मित डिजिटल लाइब्रेरी का फीता काटकर विधिवत उद्घाटन किया। लगभग 14 लाख रुपये की लागत से तैयार हुई यह अत्याधुनिक लाइब्रेरी ग्रामीण विद्यार्थियों के लिए ज्ञान का नया केंद्र बनेगी। जहाँ उन्हें डिजिटल माध्यमों से शैक्षणिक संसाधनों व हाई-स्पीड इंटरनेट की सुविधा उपलब्ध होगी। इस अवसर पर ब्लॉक प्रमुख ने कहा कि यह पहल क्षेत्र के मेधावी विद्यार्थियों को आधुनिक युग की शिक्षा से जोड़कर उनके उज्ज्वल भविष्य का मार्ग प्रशस्त करेगी। कार्यक्रम के दौरान ग्राम प्रधान शिवप्रसाद निमेष, पूर्व प्रधान दीवान सिंह व कोमल सिंह, क्षेत्र पंचायत सदस्य शंकर लाल व मुकेश कुमार सहित ग्राम के अनेक प्रबुद्धजन और स्थानीय निवासी उपस्थित रहे।

# बवाल के हिसाब से दिनभर गरमाया रहा खेरागढ़

● टीएनएफ टुडे ●

**खेरागढ़।** वर्ष 2008 के बहुचर्चित बवाल प्रकरण में पूर्व चेयरमैन अनिल गर्ग समेत 16 आरोपियों को शनिवार को न्यायालय से सजा मिलने के बाद पूरे खेरागढ़ में फैसले की गूंज सुनाई देती रही। बाजारों, चौराहों और चाय की दुकानों पर दिनभर इसी फैसले की चर्चा छाई रही। वहीं, कई आरोपियों के दोषमुक्त होने की भी खूब चर्चा रही। शनिवार दोपहर जैसे ही फैसले की सूचना कस्बे में पहुंची, हर कोई यह जानने को उत्सुक दिखा कि किसे सजा हुई और किसे राहत मिली। सोशल मीडिया पर भी फैसले को लेकर तरह-तरह की प्रतिक्रियाएं और चचाएँ चलती रहीं। रविवार को पूर्व चेयरमैन अनिल गर्ग सहित अन्य सजायाफ्ता आरोपियों के घरों पर रिश्तेदारों, शुभचिंतकों और समर्थकों का दिनभर आना-जाना लगा रहा। दूसरी ओर, किसी भी अप्रिय स्थिति से बचने के लिए पुलिस पूरे दिन कस्बे के हालात पर नजर बनाए रही। हालांकि, पूरे क्षेत्र में शांति व्यवस्था कायम रही। बतादें कि 23 मार्च 2008 को दौज मेले के दौरान दो गांवों के युवकों के विवाद ने हिंसक रूप ले लिया था। उग्र भीड़ की पुलिस से झड़प हुई थी, जिसमें थाने पर पथराव, आगजनी और तोड़फोड़ की गई थी। पुलिस के वाहनों को आग के हवाले कर दिया गया था। इस मामले में तत्कालीन चेयरमैन अनिल गर्ग समेत करीब 300 लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया था। करीब 17 वर्ष बाद आए इस फैसले ने एक बार फिर उस चर्चित बवाल कांड की यादें ताजा कर दीं।

# करंट की चपेट में आने से दो बकरियां मरी

### ग्रामीणों ने बिजली विभाग पर लगाया लापरवाही का आरोप

● टीएनएफ टुडे ●

**सैंया।** क्षेत्र के गांव सौंरा में बिजली विभाग की कथित लापरवाही के चलते एक दर्दनाक घटना सामने आई। रविवार शाम करीब 5 बजे ट्रांसफार्मर से निकले करंट प्रवाहित तार की चपेट में आने से दो बकरियां मर गयीं।

जानकारी के अनुसार गांव सौंरा निवासी सुनीता वाल्मीकि रविवार शाम उनकी बकरियां गांव के पास खेत में घास चर रही थीं। इसी दौरान पास में लगे ट्रांसफार्मर से निकले खुले बिजली के तार की चपेट में आने से दोनों बकरियां मौके पर ही मर गई। घटना से पीड़ित परिवार को आर्थिक नुकसान उठाना पड़ा है। ग्रामीण शम्भू त्यागी, रमाकांत ठाकुर ,नरेन्द्र सिंह सहित अन्य लोगों ने आरोप लगाया कि ट्रांसफार्मर से निकला बिजली का तार लंबे समय से खुले और खतरनाक हालत में पड़ा था, जिसकी शिकायत के बावजूद बिजली विभाग ने उसे ठीक नहीं कराया। उनका कहना है कि यदि समय रहते विभाग ने आवश्यक कार्रवाई की होती तो यह हादसा टाला जा सकता था। घटना से आक्रोशित ग्रामीणों ने डायल 112 पर सूचना दी। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और ग्रामीणों को शांत कराते हुए मामले की जानकारी ली। ग्रामीणों ने बिजली विभाग के जिम्मेदार अधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई करने तथा पीड़ित महिला को उचित मुआवजा दिलाने की मांग की है।




# बेवजह की राजनीति कर रहे कुछ लोग

### कुशवाह समाज और ग्रामीणों ने डीसीपी को सौंपा ज्ञापन

● टीएनएफ टुडे ●

**फतेहपुर सीकरी।** थाना क्षेत्र के अंतर्गत विगत 26 जून को गांव नूरपुर में आई दलित समाज के राहुल पुत्र हाकिम की बहन की बारात में अश्लील अभद्र गाने बजाने को लेकर कहासुनी हो गई थी पुलिस ने तत्काल प्रभाव से आधा दर्जन के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर दो को जेल भेज दिया था ,कुशवाहा समाज के लोगों ने आरोप लगाया है इसके बाद भी भीम आर्मी व बसपा के कुछ लोग नेतागिरी चमकाने के लिए पुलिस अधिकारियों को बेवजह गुमराह कर रहे हैं। इसको लेकर विगत दिवस नूरपुर के बड़ी संख्या में लोग ट्रैक्टर ट्राली में भरकर डीपीपी और एसीपी ऑफिस पहुंचे जहां ज्ञापन के माध्यम से ग्रामीणों ने मांग की है कि पूरे मामले की जांच किसी पुलिस के उच्चअधिकारी से कराकर हमें न्याय दिया जाए। साथ ही बेवजह राजनीति कर रहे लोगों पर कड़ी कार्रवाई करने की मांग की।

ज्ञापन के दौरान प्रमुख रूप से अनिल कुशवाहा, मुरारीलाल कुशवाहा, बनवारीलाल, साधुराम, महेश, देवेंद्र सिंह, गोपाल, जसवंत सिंह, हीरा, पप्पू, मिट्ठू कुशवाह, महेंद्र, जसवंत, चंदन समेत सैकड़ो व्यक्ति पुलिस अधिकारियों से मिले।

# ग्रामीण पत्रकार एसोसिएशन एत्मादपुर कार्यकारिणी घोषित

### पदाधिकारियों को नियुक्ति पत्र वितरित किए गए

● टीएनएफ टुडे ●

**फतेहपुर सीकरी।** ग्रामीण पत्रकार एसोसिएशन, उत्तर प्रदेश की तहसील एत्मादपुर इकाई की एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक में जिला अध्यक्ष विष्णु सिकरवार द्वारा अधिकृत सूची के अनुसार तहसील स्तर पर सक्रिय पत्रकारों को विभिन्न पदों की जिम्मेदारियां सौंपी गईं। कार्यक्रम में जिला उपाध्यक्ष राहुल शर्मा, जिला मंत्री गजेंद्र शर्मा तथा जिला कोषाध्यक्ष शिवम सिकरवार की गरिमामयी उपस्थिति रही। बैठक में तहसील एत्मादपुर की नई कार्यकारिणी की घोषणा करते हुए पवन शर्मा को अध्यक्ष, रामकिशोर बघेल, राजेश परमार एवं अनुराग अग्रवाल को उपाध्यक्ष, मुकेश चन्द्र कुशवाह को महामंत्री, शशिकांत गुप्ता को कोषाध्यक्ष, धर्मवीर सिंह चौहान को संगठन मंत्री, राकेश कुमार यादव को प्रचार मंत्री, मोहित सिसोदिया को संप्रेक्षक, अंकित शर्मा विजय सोलंकी और अनीश उपाध्याय को मंत्री नियुक्त किया गया। इसके साथ ही कार्यकारिणी में क्षेत्र के अन्य वरिष्ठ पत्रकारों को कार्यसमिति सदस्य एवं विभिन्न मंत्री पदों पर शामिल किया गया। ये सभी एत्मादपुर, बरहन और खंदौली क्षेत्र में संगठन को मजबूत बनाने तथा पत्रकारों के हितों की रक्षा के लिए कार्य करेंगे। बैठक के दौरान जुझारू पत्रकार मुलायम सिंह चौहान एवं बंटी यादव को संगठन की प्राथमिक सदस्यता भी प्रदान की गई। इस अवसर पर सभी नवनियुक्त पदाधिकारियों को नियुक्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। नवनियुक्त तहसील अध्यक्ष पवन शर्मा ने जिला कार्यकारिणी का स्वागत एवं आभार व्यक्त करते हुए अपनी नई टीम को शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा कि ग्रामीण पत्रकार एसोसिएशन पत्रकारों के सम्मान, अधिकारों और जनहित के मुद्दों को मजबूती से उठाने के लिए निरंतर कार्य करेगा। नई कार्यकारिणी के गठन से ग्रामीण अंचलों में पत्रकारिता को नई दिशा और जनसमस्याओं को प्रशासन तक प्रभावी ढंग से पहुंचाने में गति मिलने की उम्मीद है।

# निकाह को राजी न हुई तो भाई को उठाया

### दूसरी जगह रिश्ते की बात चलाने पर प्रेमी की करतूत

● टीएनएफ टुडे ●

**पिनाहट।** प्रेमिका पर निकाह का दबाव बनाने के लिए प्रेमी ने किया भाई का अपहरण। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है। आरोप है कि थाने से महज चंद कदमों की दूरी पर दिन दहाड़े बच्चे का चाकू की नोक पर अपहरण हो गया। कस्बा के मुहल्ला मार निवासी नगीना बेगम ने थाना पिनाहट में तहरीर दी है कि पडोस के ही रहने वाले मौसिम खां रविवार सुबह करीब 11 बजे घर में घुसकर गाली गलौज करते हुए मेरे 13 वर्षीय बेटे अरमान की गर्दन पर चाकू रखकर पकड़कर अपने साथ ले गया है। पुलिस ने तहरीर पर आरोपित के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है। सूत्रों की माने तो आरोपित अपनी प्रेमिका से निकाह करना चाहता है। किन्तु प्रेमिका के स्वजन निकाह नहीं होने दे रहे हैं। इस सम्बन्ध में करीब एक वर्ष पूर्व पंचायत भी हुई। किन्तु प्रेमिका के स्वजन नहीं माने है। कुछ दिन पूर्व प्रेमिका के स्वजन ने किसी अन्य के साथ निकाह तय कर दिया है। जिसका प्रेमिका के स्वजन पर दबाव बनाने के लिए अरमान का अपहरण किया गया है। प्रभारी निरीक्षक वीपी गिरि ने बताया कि आरोपित के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है। बरामदी के लिए टीमें लगाई दी गयी है।

# नरीपुरा में नहीं नाली, सड़कों पर भर जाता पानी

### ग्रामीणों ने एसडीएम से लगाई समस्या सुधारने की गुहार

● टीएनएफ टुडे ●

**खेरागढ़।** विकास खंड के गांव नरीपुरा के ग्रामीणों ने गांव से पोखर तक पानी निकासी के लिए पक्की नाली निर्माण की मांग करते हुए एसडीएम को शिकायत की है। आरोप है कि लंबे समय से शिकायत के बावजूद समस्या का समाधान नहीं किया गया है। ग्राम पंचायत नगला दूल्खे खां के मजरा नरीपुरा के ग्रामीण किशन सिंह, मुकेश द्वारा दिए गए शिकायती पत्र में बताया कि गांव से पोखर तक जाने वाले कच्चे रास्ते के बीच में कुछ लोगों ने मिट्टी डालकर रास्ता बंद कर दिया है। इसके चलते बरसात और नालियों का गंदा पानी पोखर तक नहीं पहुंच पा रहा है, जिससे गांव में जलभराव की स्थिति बन गई है। कहना है कि बरसात का पानी मकानों के सामने जमा हो जाता है, जिससे आवागमन में भारी परेशानी का सामना करना पड़ता है। एसडीएम ने बीडीओ खेरागढ़ को समस्या निस्तारण के निर्देश दिए हैं।



# दरगाह हजरत कदम रसूल के सज्जादा नशीन बाबा लाल शाह कादरी का इंतकाल

● टीएनएफ टुडे ●

**आगरा।** बोदला दरगाह कदम रसूल नबी के सज्जादा नशीन हजरत बाबा लाल शाह कादरी का लंबी बीमारी के चलते इंतकाल हो गया। उनके निधन की खबर सुनते ही शहर के सूफी संतों में शोक की लहर दौड़ गई। उनके अंतिम दर्शन को घर पर हजारों की भीड़ उमड़ी। अस्ताना ए मैकश खानकाह कादरिया चिश्तिया नियाजिया मेवा कटरा के सज्जादा नशीन हजरत सैयद मोहम्मद अजमल अली शाह कादरी चिश्ती जाफरी नियाजी ने कहा है कि बाबा लाल शाह कादरी ने अपना पूरा जीवन दरगाह हजरत नबी करीम कदम रसूल की खिदमत करते हुए लगा दिया। वह समाजसेवी थे, उन्होंने देश के कौने-कौने में भाई-चारा और गंगा-जमुनी तहजीव की अलख जगाई। आज उनके निधन से सूफियत को बड़ी क्षति हुई है जिसकी भरपाई करना मुमकिन नहीं है। वह जश्ने ईद मिलादुन्नबी बारह वफात में दरगाह कदम रसूल के उर्स मुबारक को बड़े ही शान-ओ- शौकत के साथ मानते थे। कदम रसूल पर जितने भी जुलूस ए मोहम्मदी पहुंचते थे उनका स्वागत बाबा लाल शाह कादरी बड़े ही अदब और एतराम से किया करते थे। अब सिर्फ उनकी यादें ही शेष रह गई है। मियां मुहम्मद हुसैन रशीदी ने कहा कि बाबा लाल शाह कादरी सूफी संतों में अपना एक अलग मकाम रखते थे।कई मौके पर बाबा लाल शाह कादरी के साथ ऐसे भी मिले कि हम दोनों ने दरगाहों के उर्स मुबारक एक साथ किया।बाबा लाल शाह कादरी के इस दुनिया से जाने से सूफियत को भारी क्षति हुई है जिसकी भरपाई अब कभी भी नहीं हो सकती।बाबा लाल शाह कादरी जैसी शख्सियत अब इस दुनिया में नहीं आएगी उनकी कमी समूचे शहर के सूफी संतों को बहुत सताएगी। बाबा लालशाह कादरी ने अयोध्या में सर्वधर्म सम्मेलन कर गंगा-जमुनी तहजीव की अलख जगाई थी, उन्होंने देश के कौने-कौने में सर्वधर्म सम्मेलन आयोजित किये, वह सदैव ही समाजसेवा में जुटे रहे, जो भी उनके दर आता, वह उसकी समस्या का निदान करते, आगरा के अलावा अन्य शहरों के बडे-बडे लोग उनसे जुडे थे। वह बडे सूफी थे, आज वह दुनियां में नहीं है किन्तु वह सदैव साथ रहेंगे।

# ऑटो में सवारी बैठाकर लूट करने वाला गैंग पुलिस ने दबोचा

### कई वारदातों का खुलासा, पूछताछ के बाद शातिर जेल भेजे

● टीएनएफ टुडे ●

**आगरा।** थाना हरीपर्वत पुलिस ने ऑटो में सवारी बैठाकर लूटपाट करने वाले शातिर गिरोह का पदार्फाश करते हुए तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने उनके कब्जे से 7,080 रुपये नकद, एक मोबाइल फोन, वारदात में प्रयुक्त ऑटो और एक चाकू बरामद किया है। पुलिस ने बताया कि तीन जुलाई को दर्ज मुकदमे में पीड़ित ने बताया था कि 25 जून को वह अपनी पत्नी के साथ अस्पताल से लौटते समय एक ऑटो में सवार हुआ था। ऑटो में पहले से बैठे बदमाशों ने सुनसान स्थान पर ले जाकर दंपति से 17 हजार रुपये लूट लिए और सुल्तानगंज पुलिया के पास उतारकर फरार हो गए। पीडित ने लूट की जानकारी पुलिस को दी। घटना स्थल पर पुलिस ने सीसीटीवी फुटैज को खंगाला।मामले के खुलासे के लिए गठित पुलिस टीम को चैकिंग के दौरान सूचना मिली थी कि कुछ संदिग्धस सक्रिय है। सूचना मिलने पर पुलिस ने कार्रवाई करते हुए गोल्ड मोहल्ला फैक्ट्री नाला, महादेव फ्रेंड्स के समीप से तीन बदमाशों फरमान उर्फ अड्डा, शानू पुत्र शहीद खां और करन दिवाकर को दबोच लिया। पूछताछ में शातिरों ने बताया कि वे अपने फरार साथी अल्ताफ के साथ मिलकर लोगों को ऑटो में बैठाते थे और सुनसान जगह पर उनसे नकदी व मोबाइल लूट लेते थे। विरोध करने पर चाकू दिखाकर जान से मारने की धमकी देते थे। लूटे गए मोबाइल राह चलते लोगों को बेच देते थे, जबकि नकदी आपस में बांट लेते थे।पुलिस ने गिरफ्तार आरोपियों को न्यायालय में पेश कर जेल भेज दिया। पुलिस फरार आरोपी अल्ताफ की तलाश में जुटी है।

# दुष्कर्म मामले में गवाही न देने पर दरोगा का वेतन रोका

● टीएनएफ टुडे ●



**आगरा।** विशेष न्यायाधीश (पॉक्सो एक्ट) सोनिका चैधरी की अदालत ने एक युवती को बंधक बनाकर दुराचार करने जैसे संगीन मामले में गवाही के लिए उपस्थित न होने पर सख्त रुख अपनाया है।अदालत ने लापरवाही बरतने पर मामले के विवेचक उपनिरीक्षक राजीव कुमार सिंह का वेतन रोकने के लिए पुलिस आयुक्त को आदेश जारी किए हैं। थाना जगदीशपुरा से संबंधित राज्य बनाम हर्ष शर्मा के खिलाफ बंधक बनाकर दुराचार करने का यह मुकदमा विशेष न्यायाधीश पॉक्सो एक्ट की अदालत में विचाराधीन है।इस मामले में उपनिरीक्षक राजीव कुमार सिंह पुलिस की ओर से विवेचक थे।अदालत में इस मुकदमे से जुड़े अन्य सभी गवाहों की गवाही दर्ज की जा चुकी है, लेकिन मुख्य विवेचक राजीव कुमार सिंह की गवाही लंबे समय से लंबित चल रही है।अदालत के समक्ष गवाही के लिए उपस्थित न होने को न्यायाधीश ने न्याय प्रक्रिया में बाधा मानते हुए गंभीरता से लिया है।अग्रिम आदेश पारित होने तक उपनिरीक्षक विवेचक राजीव कुमार सिंह का वेतन तत्काल प्रभाव से रोके जाने का आदेश अदालत ने जारी किया है। आदेश में कहा गया है कि आगामी 7 जुलाई को विवेचक को हर हाल में अदालत में गवाही के लिए हाजिर कराना सुनिश्चित किया जाए।

# वीआईपी कल्चर-ध्वनि प्रदूषण के खिलाफ कार्रवाई, बुलडोजर से नष्ट किए गए साइलेंसर और हूटर

टीएनएफ टुडे, मैनपुरी।



शासन और न्यायालय के आदेशानुसार ध्वनि प्रदूषण एवं वीआईपी कल्चर पर अंकुश लगाने के उद्देश्य से प्रदेश भर में सघन चेकिंग अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में जनपद मैनपुरी में यातायात पुलिस द्वारा व्यापक स्तर पर वाहनों की चेकिंग की गई। इस कार्रवाई के दौरान बड़ी संख्या में नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहनों के चालान किए गए और अवैध रूप से लगाए गए उपकरणों को जब्त किया गया।

यातायात पुलिस द्वारा कुल 1000 बुलेट व अन्य मोटरसाइकिलों की जांच की गई, जिसमें से 205 वाहनों के मॉडिफाइड साइलेंसर के चालान किए गए और 24 साइलेंसर मौके पर उतरवाए गए। इसके अलावा, 600 अन्य वाहनों की चेकिंग के दौरान प्रेशर हॉर्न के इस्तेमाल पर 195 चालान किए गए और 10 प्रेशर हॉर्न उतरवाए गए। वहीं, वीआईपी कल्चर के खिलाफ की गई कार्रवाई में 450 वाहनों की जांच कर हूटर संबंधी नियमों के उल्लंघन पर करीब 150 चालान किए गए और 07 हूटर हटाए गए।

अभियान के दौरान पुलिस द्वारा कब्जे में लिए गए इन सभी अवैध उपकरणों को रविवार को पुलिस लाइन मैनपुरी में लाकर नष्ट कर दिया गया। उच्च अधिकारियों के आदेश पर कुल 24 मॉडिफाइड साइलेंसर (पटाखे जैसी आवाज वाले), 10 प्रेशर हॉर्न और हूटरों पर बुलडोजर चलाकर उन्हें पूरी तरह नष्ट कर दिया गया। इस दौरान यातायात प्रभारी निरीक्षक सुनील कुमार सिंह और अन्य पुलिसकर्मी उपस्थित रहे।

# मैनपुरी डीएम को सम्मानित करने के लिए मुख्यमंत्री को लिखा पत्र

टीएनएफ टुडे, मैनपुरी।



जनपद के डीएम डॉक्टर इन्द्रमणि त्रिपाठी की उत्कृष्ट कार्यशैली के लिए सामाजिक कार्यकर्ता सतेन्द्र कुमार ने प्रदेश के मुख्यमंत्री को पत्र लिखकर सम्मानित करने की अपील की है। रविवार को सामाजिक कार्यकर्ता सतेन्द्र कुमार उर्फ रौली यादव ने प्रधानमंत्री कार्यालय को एक पत्र लिखा है, जो कि प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को संबोधित है। उन्होंने बताया कि जिलाधिकारी डॉ. इंद्रमणि त्रिपाठी अपनी कार्यशैली, संवेदनशीलता और जनसेवा के लिए पूरे प्रदेश में एक मिसाल बन चुके हैं। उन्होंने आम जनमानस की समस्याओं के त्वरित समाधान हेतु 'मिशन समाधान' जैसी अनूठी पहल चलाई है, जिसके तहत वर्षों पुराने भूमि विवादों का निस्तारण कर गरीबों और किसानों को उनका हक दिलाया जा रहा है। इसके साथ ही, उनकी प्रशासनिक संवेदनशीलता वीते दिनों तब देखने को मिली है, जब उन्होंने अपनी कुर्सी छोड़कर एक नेत्रहीन महिला फरियादी की समस्या खुद सुनी और करहल ब्लॉक के माध्यम से मात्र कुछ ही घंटों में उसका जन्म प्रमाण पत्र बनवाकर उसे अपनी गाड़ी से भिजवाया था। इसके साथ ही सरकारी स्कूलों में दाखिला न मिलने पर बच्चों की गुहार पर तत्काल कार्रवाई करना और बिना भेदभाव सभी वर्गों को न्याय दिलाना उनकी प्रशासनिक क्षमता को दशार्ता है। इसलिए उनको राज्य स्तर पर सम्मानित किया जाए ताकि अन्य अधिकारियों को भी जनसेवा करने की प्रेरणा मिल पाएगी।

# जिलाधिकारी ने अपर जिलाधिकारी के साथ नमामि गंगे परियोजना का सघन निरीक्षण किया

टीएनएफ टुडे, फिरोजाबाद।

जल जीवन मिशन के अंतर्गत नमामि गंगे एवं ग्रामीण जलापूर्ति विभाग द्वारा जनपद फिरोजाबाद, आगरा में स्वच्छ पेयजल की उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिए ग्राम भदेरा एटा में एक वृहद और महत्वाकांक्षी योजना का क्रियान्वयन किया जा रहा है, रुपए 869.66 करोड़ की लागत वाली इस सतही स्रोत आधारित पाइप पेयजल परियोजना की शुरूआत 9 अक्टूबर 2023 को की गई थी, जिसका उद्देश्य क्षेत्र के ग्रामीण अंचलों में शुद्ध एवं सुरक्षित पेयजल की स्थाई व्यवस्था करना है, इस योजना की कार्यदाई संस्था एन0सी0सी0 लिमिटेड है।

जिलाधिकारी संतोष कुमार शर्मा ने आज अपर जिलाधिकारी नमामि गंगे मोहनलाल गुप्ता के साथ इस परियोजना का सघन निरीक्षण किया, निरीक्षण के दौरान तकनीकी घटकों जैसे कास्केड इरेटर और क्लेरी प्लाक्युलेटर का बारीकी से अवलोकन किया, जो पानी को शुद्ध करने की प्राथमिक प्रक्रिया के महत्वपूर्ण हिस्से हैं, सुरक्षा मानकों को सर्वोपरि रखते हुए जिलाधिकारी ने मौके पर वेलेबल चैंबर और वाल्व चेंबर का



गहन निरीक्षण किया, उन्होंने कार्यदाई संस्था को कड़े निर्देश दिए कि इन चैंबरों के भीतर अनिवार्य रूप से इमरजेंसी लैंडिंग की व्यवस्था सुनिश्चित की जाए, ताकि भविष्य में किसी भी तकनीकी खराबी या आपातकाल की स्थिति में वहां काम करने वाले किसी भी व्यक्ति को बेहद आसानी और सुरक्षित तरीके से बाहर निकाला जा सके।*

इस विशाल योजना का मुख्य आधार लोअर गंगा कैनाल का जल है, कैनाल से मिलने वाले कच्चे पानी को अतिआधुनिक वॉटर ट्रीटमेंट प्लांट में पूरी तरह फिल्टर और शुद्ध करके जनपद फिरोजाबाद और आगरा के विभिन्न भागों में भेजा जाएगा।

फिरोजाबाद जनपद को इससे 181 एम0एल0डी0 पानी शुद्धिकरण के पश्चात मिलेगा, फिरोजाबाद जनपद के 9 ब्लॉकों के 780 गांव इस योजना से सीधे आच्छादित होकर लाभान्वित होंगे, जिससे वहां के नागरिकों को खारे पानी और फ्लोराइड जनित बीमारियों से मुक्ति मिलेगी, यह संपूर्ण जल 410 ओवरहेड टंकियां के माध्यम से जिले के विभिन्न भागों में पहुंचाया जाएगा, इस महत्वाकांक्षी योजना के पूर्ण होने से फिरोजाबाद के ग्रामीण क्षेत्रों में दशकों से चली आ रही पेयजल की किल्लत का स्थाई समाधान हो जाएगा।*

जिलाधिकारी ने कहा कि इस महत्वपूर्ण परियोजना को मार्च 2027 तक अवश्य पूर्ण कर लें, जिससे नागरिकों को इसका सीधा लाभ मिल सके, इस अवसर पर जिलाधिकारी और अपर जिलाधिकारी ने प्रांगण में वृक्षारोपण भी किया और यह भी निर्देशित किया कि इन पेड़ों को सुरक्षित रखने के लिए ट्री गार्ड की व्यवस्था की जाए, इस अवसर पर जल जीवन मिशन इंचार्ज विजय लोखंडे और एक्सइएन जल निगम डीके सिंह आदि भी उपस्थित रहे।



# पैतृक संपत्ति पर कब्जा करने के उद्देश्य से दबंगों ने वरपाया कहर, पूरा परिवार भारी दहशत में

**करहल।** करहल में दबंगो की दबंगई के आगे पीडित परिवार पलायन करने को मजबूर दिखाई दे रहा है। दबंगो की ऐसी दंस्तान देखी गई कि दबंगो की एक फौज लेकर पीड़ित परिवार के साथ जमकर मारपीट करके व जान से मारने की धमकी की घटना को अंजाम देते हुए फरार हो गए। परिवारीजनों का आरोप पर जमीन पर अवैध कब्जा करने की नीयत से दबंगो ने हमला बोला है। पीड़ित परिवार ने करहल तहसील मुख्यालय व करहल थाने पहुचकर पुलिस की शरण लेकर अपनी आपबीती सुनाई है।

पीड़ित सदरुन निशा ने करहल कोतवाली पहुचकर तहरीर देते हुए बताया है कि 4 जुलाई को रात्रि करीब सवा 9 बजे मैनपुरी के महमूद नगर आगरा रॉड निवासी नामजद लोगो ने घर मे घुसकर जमकर तांडव मचाया है। आरोपियो ने घर मे घुसकर मारपीट, धारधार हथियारो से मारपीट कर-के अभद्र गाली गलौज व जान से मारने की धमकी देने लगे। जिसके बाद शोरगुल सुनकर आसपास के लोग एकत्रित हो गए जिसके बाद वह भाग खड़े हुए। पीड़ित परिवार ने आरोपियो से अपनी जान का खतरा बताया है।

# लापरवाही पर जिलाधिकारी सख्तः करहल के पलोखरा में जन सुविधा केंद्र की आईडी ब्लॉक

टीएनएफ टुडे, करहल/मैनपुरी।

जिलाधिकारी डॉ. इंद्रमणि त्रिपाठी ने शासन की प्राथमिकताओं में शामिल फार्मर रजिस्ट्री कार्य में लापरवाही बरतने पर कड़ा रुख अपनाया है। उन्होंने तहसील करहल के ग्राम पलोखरा में संचालित जन सुविधा केंद्र (सीएससी) के संचालक नरेंद्र सिंह की आईडी को तत्काल प्रभाव से ब्लॉक करने के निर्देश जिला प्रबंधक सीएससी ई-गवर्नेंस इंडिया प्राइवेट लिमिटेड को दिए हैं। जिलाधिकारी ने स्पष्ट चेतावनी दी है कि सरकारी कार्यों में किसी भी स्तर पर शिथिलता बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

यह कार्रवाई अपर जिलाधिकारी द्वारा फार्मर रजिस्ट्री हेतु लगाए गए कैंपों के औचक निरीक्षण के बाद की गई है। निरीक्षण के दौरान पलोखरा ग्राम का सीएससी संचालक केंद्र से नदारद पाया गया। संबंधित लेखपाल द्वारा बार-बार फोन किए जाने के बावजूद संचालक कैंप में उपस्थित नहीं हुआ। जिलाधिकारी ने केंद्र संचालक के इस कृत्य को अत्यंत आपत्तिजनक और घोर लापरवाही का प्रतीक माना है। उन्होंने कहा कि जनपद में कृषकों की सुविधा के लिए विशेष कैंप आयोजित किए जा रहे हैं, लेकिन कुछ संचालकों की मनमानी के कारण इस महत्वपूर्ण कार्य को अपेक्षित गति नहीं मिल पा रही है।

जिलाधिकारी डॉ. त्रिपाठी ने जिला प्रबंधक को कड़े निर्देश जारी किए हैं कि जनपद के सभी जन सुविधा केंद्र निर्धारित समय पर खुलना और फार्मर रजिस्ट्री कार्य में पूर्ण सहयोग करना सुनिश्चित करें। उन्होंने सचेत किया कि यदि भविष्य में किसी अन्य जन सुविधा केंद्र संचालक द्वारा इस प्रकार की लापरवाही या शासकीय कार्यों में उदासीनता बरती गई, तो उसके खिलाफ भी इससे भी अधिक कठोर और दंडात्मक कार्रवाई अमल में लाई जाएगी।

# जाहरवीर गोगा जी के जोत का हुआ शुभारंभ श्रद्धालुओं ने कथा का किया श्रवण पवन

टीएनएफ टुडे, कुर्रा/करहल।



कुर्रा थाना क्षेत्र के गांव विनायकपुर में आज4जुलाई 2026 को गमा देवी मंदिर स्थित जाहरवीर गोगा जी की ज्योत का हुआ शुभारंभ श्रद्धालुओं की उमड़ी भीड़

जाहरवीर गोगाजी (या गोगा पीर) चौहान वंश के प्रसिद्ध राजपूत योद्धा और उत्तर भारत (राजस्थान, हरियाणा, उत्तर प्रदेश) के प्रमुख लोक देवता हैं उनकी ज्योत और महिमा की कथा चमत्कारी है, जिसका इतिहास गुरु गोरखनाथ के आशीर्वाद से जुड़ा है। गुरु गोरखनाथ का वरदानददरेवा (राजस्थान) के राजा जेवर सिंह की रानी बाछल माता को कोई संतान नहीं थी संतान प्राप्ति के लिए उन्होंने 12 वर्षों तक महान संत गुरु गोरखनाथ की कठोर तपस्या की गुरु गोरखनाथ उनकी भक्ति से प्रसन्न हुए और उन्हें एक दिव्य फल (गूगल का प्रसाद) दिया, जिसके प्रभाव से जाहरवीर का जन्म हुआ इसीलिए उनका नाम "गोगा" पड़ा जाहर पीर की पदवीअपने जीवनकाल में गोगाजी ने गायों की रक्षा के लिए भयंकर युद्ध किए और अपने प्राण न्यौछावर कर दिए प्रकृति और साँपों पर उनके अद्भुत नियंत्रण के कारण उन्हें "साँपों के देवता" के रूप में पूजा जाता है वीरता, आध्यात्मिक शक्तियों और सभी धर्मों के लोगों द्वारा पूजे जाने के कारण उन्हें "जाहर पीर" (साक्षात प्रकट पीर या जाहरवीर) की पदवी प्राप्त हुई ज्योत जगाने का महत्वमान्यता है कि गोगाजी ने जीवित समाधि ली थी उनकी समाधि (गोगामेड़ी, राजस्थान) पर मत्था टेकने वाले और सच्चे मन से उनकी ज्योत (अखंड ज्योति) जलाने वाले भक्तों के सभी दुःख दूर होते हैं कहा जाता है कि जो भी भक्त सच्ची श्रद्धा से उनकी ज्योत जलाकर मन्नत माँगता है, उसे बाबा कभी खाली हाथ नहीं लौटाते।

# कार से लाखों की विदेशी शराब बरामद, ग्वालियर का तस्कर गिरफ्तार

टीएनएफ टुडे, मथुरा।

थाना जैत पुलिस ने अवैध शराब तस्करी के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए एनएच-19 पर एक कार से 60 बोतल विदेशी शराब बरामद कर एक तस्कर को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ आबकारी अधिनियम की धाराओं में मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। शनिवार तड़के उपनिरीक्षक निशांत पायल अपनी टीम के साथ क्षेत्र में संदिग्ध व्यक्ति एवं वाहनों की चेकिंग कर रहे थे। इसी दौरान कोटा-छरौरा फ्लाईओवर से करीब पचास मीटर पहले दिल्ली से आगरा की ओर जाने वाले कच्चे मार्ग पर एक सफेद रंग की डिजायर कार (एमपी-07 एई-4568) संदिग्ध अवस्था में खड़ी दिखाई दी। तलाशी लेने पर कार से पांच पेटियों में रखी कुल साठ बोतल विदेशी शराब बरामद हुई। बरामद शराब में चौबीस बोतल एंटीक्विटी ब्लू, चौबीस बोतल बैलेंटाइन्स और बारह बोतल जेम्सन शामिल हैं। पुलिस ने मौके से विकास गुर्जर (32) निवासी शिव कॉलोनी, पिंटो पार्क, थाना गोला का मंदिर, जिला ग्वालियर (मध्य प्रदेश) को गिरफ्तार कर लिया।

थाना जैत पुलिस ने आरोपी के विरुद्ध मु.अ.सं. 470/2026 के तहत संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज किया है। मामले की विवेचना उपनिरीक्षक संदीप कुमार कर रहे हैं। पुलिस यह भी पता लगाने में जुटी है कि बरामद विदेशी शराब कहां से लाई गई थी और इसे किस स्थान पर सप्लाई किया जाना था।

# मायके से सामान लेने आई महिला से मारपीट का आरोप, तहरीर पर पुलिस ने शुरू की जांच



**कुर्रा/करहल।** कुर्रा थाना क्षेत्र के गांव पडरी निवासी रचना पत्नी राकेश ने थाना कुर्रा में तहरीर देकर न्याय की गुहार लगाई है।

पीड़िता का आरोप है कि वह शनिवार, 4 जुलाई 2026 को दोपहर लगभग 12 बजे अपने मायके से अपना सामान लेने गई थी। इस दौरान उसके भाई आकाश पुत्र रामबाबू, अशोक तथा आरती पत्नी भोले ने कथित रूप से सामान देने से इनकार कर दिया। विरोध करने पर आरोपियों ने गाली-गलौज करते हुए उसके साथ बेरहमी से मारपीट की।

रचना का यह भी आरोप है कि मारपीट के दौरान उसके पास रखे 30 हजार रुपये और सोने की ओम (लॉकेट) भी छीन ली गई। साथ ही उसे और उसके बच्चों को जान से मारने की धमकी दी गई।

पीड़िता की तहरीर के आधार पर कुर्रा थाना पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है। पुलिस का कहना है कि जांच के बाद जो भी तथ्य सामने आएंगे, उनके आधार पर नियमानुसार आगे की कार्रवाई की जाएगी।

# नगर आयुक्त ने खुद संभाली कमान, जलभराव इलाकों का किया दौरा

**मथुरा।** मानसून के दौरान शहर में जलभराव की समस्या उत्पन्न हो गई है जिसको लेकर शनिवार नगर आयुक्त जग प्रवेश ने खुद कमान संभाली और अधिकारियों की फौज के साथ शहर के विभिन्न जलभराव वाले संवेदनशील इलाकों का तूफानी दौरा किया। इस दौरान उन्होंने निमार्णाधीन सड़कों और नालों की जमीनी हकीकत देखी और काम में ढिलाई बरतने वालों को सख्त चेतावनी दी। निरीक्षण के दौरान नगर आयुक्त ने निर्माण कार्यों की कछुआ गति पर नाराजगी जाहिर की। उन्होंने संबंधित अधिकारियों और कार्यदायी संस्थाओं को दो टूक शब्दों में निर्देश दिए कि सभी विकास कार्य उच्च गुणवत्ता के साथ निर्धारित समय-सीमा के भीतर पूरे किए जाएं। उन्होंने साफ कहा कि सरकारी धन और जनता के समय की बबार्दी बर्दाश्त नहीं की जाएगी। नगर आयुक्त जग प्रवेश ने कहा आमजन को बरसात के दिनों में किसी भी प्रकार की परेशानी न हो यह हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता है। नगर निगम की टीमें लगातार मॉनिटरिंग कर रही हैं। जलभराव की शिकायत मिलते ही तुरंत रिस्पॉन्स टाइम के भीतर कार्रवाई की जाएगी।

# जिला/शहर कांग्रेस कमेटी द्वारा आयोजित होने वाली 'बुद्धि शुद्ध पदयात्रा' की तैयारियों को लेकर जिला कार्यालय पर बैठक संपन्न हुई

टीएनएफ टुडे, फिरोजाबाद।

बैठक में कांग्रेस जिलाध्यक्ष रामनिवास यादव द्वारा 07 जुलाई 2026 (मंगलवार) को आयोजित होने वाली पदयात्रा की रूपरेखा, व्यवस्थाओं एवं संगठनात्मक तैयारियों की विस्तृत समीक्षा की गई तथा सभी पदाधिकारियों एवं कार्यकताओं को आवश्यक जिम्मेदारियां सौंपी गईं।

जिलाध्यक्ष ने कहा कि राम मंदिर का चढ़ावा एवं चंदा चोरी कर रामभक्तों की भावनाओं को आहत करने वालों की बुद्धि शुद्धि हेतु आयोजित यह पदयात्रा प्रातः 10:00 बजे गांधी पार्क चौराहे से प्रारंभ होकर सेंटर चौराहा, बर्फखाना, डाकखाना चौराहा, एस.आर.के.



महाविद्यालय होते हुए बड़े हनुमान जी मंदिर पर (हनुमान चालीसा) पाठ के साथ सम्पन्न होगी। उन्होंने कहा कि राम मंदिर के चंदे और चढ़वे को चोरी कर-के भाजपा और आरएसएस के लोगों ने जो महापाप किया है उसके लिए देश की जनता ही नहीं भगवान श्री राम भी इनको माफ नहीं करेंगे भाजपाई राम के नाम पर ही सत्ता में आए थे और श्रीराम ही इन्हें सत्ता से बाहर करेंगे ' समस्त सम्मानित कांग्रेसजनों से अनुरोध किया है कि अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर इस बुद्धि शुद्ध पदयात्रा को सफल बनाएं। इस बैठक में जिला उपाध्यक्ष जितेंद्र तिवारी , जिला महामंत्री शान्तिदास शंखवार , उमर फारुक , किसान कांग्रेस जिलाध्यक्ष अजय यादव, जिला सचिव अनिल यादव , सेवादल कांग्रेस जिलाध्यक्ष धर्मेंद्र यादव , राहुल भारती , मण्डल अध्यक्ष रामप्रवेश यादव , कांग्रेस एस.सी./एस.टी. विभाग जिलाध्यक्ष बलवीर सिंह आजाद और जिलाध्यक्ष सोशल मीडिया विराट दिवाकर संजू शंखवार , संदीप कुमार आदि कॉग्रेसजन उपस्थित हुए।

# भट्टे पर मजदूर भेजने के नाम पर 13.90 लाख रुपये की ठगी का आरोप, पीड़ित ने थाने में दी तहरीर

**कुर्रा, मैनपुरी।** कुर्रा थाना क्षेत्र के गांव रामपिछा से एक कथित ठगी का मामला सामने आया है। कन्नौज जनपद के थाना तालग्राम क्षेत्र के गांव भहेरा निवासी रामविलास पुत्र सरवनलाल ने थाना कुर्रा में तहरीर देकर न्याय की गुहार लगाई है।

पीड़ित के अनुसार, 15 अगस्त 2024 को गांव रामपिछा निवासी लाला उर्फ रामानंद पुत्र जयपाल ने भट्टे पर काम कराने के लिए मजदूर उपलब्ध कराने का भरोसा देकर उससे 13 लाख 90 हजार रुपये लिए थे। आरोप है कि तय समय पर मजदूर भट्टे पर नहीं भेजे गए।

रामविलास का कहना है कि जब उन्होंने आरोपित से फोन पर संपर्क करने का प्रयास किया तो उसका मोबाइल बंद मिला। इसके बाद जब वह उसके घर पहुंचे तो आरोप है कि वहां मौजूद उसकी मां और भाई ने बताया कि पैसे वापस नहीं हैं और उन पैसों से ट्रैक्टर खरीद लिया गया है। साथ ही यह भी कहा कि वे रुपये वापस नहीं कर पाएंगे।

पीड़ित ने यह भी आरोप लगाया कि रुपये वापस मांगने पर उसके साथ गाली-गलौज की गई तथा मारपीट करने का प्रयास किया गया। मामले में पीड़ित ने थाना कुर्रा में तहरीर देकर आरोपित के विरुद्ध कानूनी कार्रवाई और अपनी धनराशि वापस दिलाए जाने की मांग की है।

# जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, फिरोजाबाद के 21 दिवसीय समर इंटर्नशिप कार्यक्रम का सफल समापन, विधि छात्र-छात्राओं को प्रदान किए गए प्रमाण-पत्र

टीएनएफ टुडे, फिरोजाबाद।




जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, फिरोजाबाद द्वारा आयोजित 21 दिवसीय समर इंटर्नशिप कार्यक्रम का सफलतापूर्वक समापन किया गया। कार्यक्रम के समापन अवसर पर आयोजित प्रमाण-पत्र वितरण समारोह में माननीय डॉ. बब्बू सारंग, जनपद न्यायाधीश एवं अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, फिरोजाबाद तथा सुश्री योगेश शिवा, सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, फिरोजाबाद द्वारा इंटर्नशिप सफलतापूर्वक पूर्ण करने वाले विधि छात्र-छात्राओं को प्रमाण-पत्र प्रदान किए गए।

इस अवसर पर माननीय अध्यक्ष महोदय ने अपने उद्बोधन में कहा कि विधि शिक्षा का उद्देश्य केवल सैद्धान्तिक ज्ञान अर्जित करना नहीं, बल्कि न्यायिक व्यवस्था, संवैधानिक मूल्यों एवं सामाजिक उत्तरदायित्व की व्यावहारिक समझ विकसित करना भी है। उन्होंने विद्यार्थियों से आह्वान किया कि वे अपने विधिक ज्ञान का उपयोग समाज के कमजोर, वंचित एवं जरूरतमंद व्यक्तियों को न्याय दिलाने तथा विधि के शासन को सुदृढ़ बनाने में करें।

सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, फिरोजाबाद सुश्री योगेश शिवा ने बताया कि 21 दिवसीय समर इंटर्नशिप कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों को जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की कार्यप्रणाली, निःशुल्क विधिक सहायता प्रणाली, लोक अदालत, प्री-लिटिगेशन एवं न्यायालयीन मध्यस्थता, विधिक साक्षरता एवं जागरूकता कार्यक्रमों, विभिन्न न्यायालयों की कार्यप्रणाली तथा राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण (ठअछरअ) एवं उत्तर प्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण (वढरछरअ) द्वारा संचालित विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं की विस्तृत एवं व्यावहारिक जानकारी प्रदान की गई। उन्होंने कहा कि इस प्रकार के प्रशिक्षण से विद्यार्थियों में व्यावसायिक दक्षता के साथ-साथ सेवा, संवेदनशीलता एवं सामाजिक उत्तरदायित्व की भावना का भी विकास होता है।

इंटर्नशिप कार्यक्रम में प्रतिभागी विधि छात्र-छात्राओं ने अपने अनुभव साझा करते हुए कहा कि इस प्रशिक्षण से उन्हें न्यायिक प्रणाली, न्यायालयीन कार्यप्रणाली एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की विभिन्न गतिविधियों को निकट से समझने का अवसर प्राप्त हुआ, जो उनके भावी विधिक जीवन में अत्यंत उपयोगी सिद्ध होगा।

समारोह के अंत में सभी प्रतिभागी विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए उन्हें विधि के क्षेत्र में उत्कृष्टता प्राप्त करने तथा न्याय को समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुँचाने के लिए निरंतर समर्पित भाव से कार्य करने हेतु प्रेरित किया गया।

# सीएम की वेबीनार बैठक आज, जनप्रतिनिधियों से करेंगे वार्ता



टीएनएफ टुडे, मथुरा।

प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ 6 जुलाई को सायं 7 बजे 5-कालिदास मार्ग स्थित सभाकक्ष से वृहद् वृक्षारोपण अभियान के सम्बन्ध में ऑनलाइन जूम वेबीनार के माध्यम से बैठक आयोजित की जाएगी। इस बैठक के दौरान मुख्यमंत्री जूम लिंक के माध्यम से सांसद, विधायक, सदस्य विधान परिषद, जिला पंचायत

**अधिकारियों और जनप्रतिनिधियों से वृहद वृक्षारोपण अभियान पर करेंगे चर्चा**

अध्यक्ष, नगर निगम के महापौर, क्षेत्र पंचायतों के ब्लॉक प्रमुख, नगर निकायों के चेयरमैन अध्यक्ष, समस्त नगर निकाय पार्षद सभासद, जिला पंचायत सदस्य, एवं क्षेत्र पंचायत सदस्य तथा निवर्तमान ग्राम प्रधान(प्रशासक) से वृक्षारोपण अभियान को सफल बनाने के लिए वार्ता करें। उनके सुझाव भी लेंगें। मुख्यमंत्री के निजी सचिव अजीत कुमार ने सभी जिलों के जिलाधिकारियों को भेजे पत्र में कहा है कि जूम वेबीनार का लिंक पृथक से जिलाधिकारी अपने अपने माध्यम से उपलब्ध करायेंगे। इस लिंक से सभी जनप्रतिनिधियों को सभी जिलाधिकारी से वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग में पूर्ण तैयारी के साथ प्रतिभाग किए जाने की अपेक्षा की गयी है।

समस्त प्रतिभागी जनप्रतिनिधि बैठक प्रारम्भ होने से 15 मिनट पूर्व जूम वेबीनार के माध्यम से ज्वाइन करना सुनिश्चित करेंगे। इस वेवीनार से मुख्य सचिव, प्रमुख सचिव वन एवं पर्यावरण, प्रमुख सचिव पंचायत, प्रमुख सचिव नगर विकास और समस्त जिलाधिकारीगण भी जुड़ेंगे।

## माथुर चतुर्वेद परिषद के राजन अध्यक्ष, संजय बने महामंत्री

**मथुरा।** माथुर चतुर्वेद परिषद के चुनाव में राजन पाठक को अध्यक्ष, संजय चतुर्वेदी को महामंत्री, कमल चतुर्वेदी व योगेंद्र चतुर्वेदी को उपाध्यक्ष, नीरज चतुर्वेदी को कोषाध्यक्ष तथा संजय चतुर्वेदी, अनिल चतुर्वेदी, श्याम मोनू चतुर्वेदी व हरदेव चतुर्वेदी हप्पू को मंत्री, आशीष चतुर्वेदी को निरीक्षक सर्वसम्मति से चुना गया। माथुर चतुर्वेद परिषद की तीन दिवसीय चुनाव प्रक्रिया के दौरान समन्वय समिति की बैठक में परिषद के मुख्य संरक्षक एवं अखिल भारतीय तीर्थ पुरोहित महासभा के मुख्य संरक्षक महेश पाठक ने उपाध्यक्ष देवेन्द्र चतुर्वेदी का पर्चा वापस कराया। उसके बाद उपाध्यक्ष से राजेश चतुर्वेदी, मंत्री पद से अनिरुद्ध और सुशांत चतुर्वेदी ने भी अपना पर्चा वापस ले लिए। इस प्रकार समाज में समन्वय से निर्वाचन संपन्न हुआ। परिषद के मुख्य संरक्षक महेश पाठक ने कहा कि समाज में वमनुष्यता न हो और सभी समाज में मिलजुल कर रहे हैं, क्योंकि समाज सेवा के लिए आपस में लड़कर समाज सेवा करना कोई अच्छी बात नहीं है। इसलिए आपसी सहमति से चुनाव होना समाज के हित में है।

## जन्माष्टमी-2026: मथुरा वृंदावन में भव्यता के साथ सुरक्षा का कड़ा पहरा, प्रशासन पूरी तरह

टीएनएफ टुडे, मथुरा।

श्री कृष्ण जन्माष्टमी-2026 (जन्मोत्सव) को भव्य, दिव्य और सुरक्षित बनाने के लिए प्रशासनिक मशीनरी ने पूरी ताकत झोंक दी है। वृंदावन स्थित गीता शोध संस्थान परिसर में यमुना एक्सप्रेस-वे औद्योगिक विकास प्राधिकरण (यीडा) के क्षेत्रीय कार्यालय में शुक्रवार को उच्च स्तरीय समीक्षा बैठक आयोजित की गई। मंडलायुक्त नगेन्द्र प्रताप की अध्यक्षता में हुई इस बैठक में विभिन्न विभागों के आला अधिकारियों ने तैयारियों का विस्तृत खाका प्रस्तुत किया।

मंडलायुक्त ने स्पष्ट निर्देश दिए कि देश-विदेश से आने वाले श्रद्धालुओं और पर्यटकों की सुविधा प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है। सभी विभागों को आपसी समन्वय के साथ कार्य करने के निर्देश दिए गए, ताकि श्रद्धालुओं को सरल, सुगम और सुलभ दर्शन व्यवस्था मिल सके। जन्मोत्सव से सात दिन पूर्व ही पूरे जनपद में उत्सवी माहौल नजर आएगा। प्रमुख चौराहों, मार्गों और स्थलों को विशेष रूप से सजाया जाएगा। बिजली के खंभों

**दिन पहले से सजेगा ब्रज, बाइक एंबुलेंस से लेकर लाइव दर्शन तककृश्रद्धालुओं की सुविधा सर्वोच्च प्राथमिकता**

पर तिरंगा लाइटिंग आकर्षण का केंद्र बनेगी। मथुरा-वृंदावन के मुख्य मार्गों पर भव्य स्वागत द्वार बनाए जाएंगे।

प्रमुख चौराहों पर छोटे-बड़े मंच तैयार कर सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे, जिनमें देश, प्रदेश और ब्रज क्षेत्र के प्रसिद्ध कलाकार प्रस्तुति देंगे। स्वास्थ्य सेवाओं को सुदृढ़ बनाने के लिए विशेष इंतजाम किए जा रहे हैं। तंग गलियों और भीड़भाड़ वाले क्षेत्रों में बाइक एंबुलेंस की तैनाती की जाएगी। प्रमुख स्थानों पर फायर टेंडर और एंबुलेंस मौजूद रहेंगी। स्वास्थ्य शिविरों में 24 घंटे डॉक्टरों और दवाओं की उपलब्धता सुनिश्चित की जाएगी। आपात स्थिति से निपटने के लिए सरकारी और निजी अस्पतालों की मैपिंग भी की जाएगी।

**घर बैठे होंगे कान्हा के दर्शन**

जो श्रद्धालु भीड़ के कारण मुख्य मंदिरों तक नहीं पहुंच पाएंगे, उनके लिए सूचना विभाग की एलईडी वैन और शहर के प्रमुख चौराहों पर बड़ी स्क्रीन के माध्यम से लाइव दर्शन की व्यवस्था की जाएगी। इस महत्वपूर्ण बैठक में जिलाधिकारी चंद्र प्रकाश सिंह, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक श्लोक कुमार, अपर जिलाधिकारी (वित्त एवं राजस्व) डॉ. पंकज कुमार वर्मा, उत्तर प्रदेश ब्रज तीर्थ विकास परिषद के डिप्टी सीईओ सतीश चंद्र सहित लोक निर्माण विभाग, नगर निगम, स्वास्थ्य एवं विद्युत विभाग के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे।

**ट्रैफिक रहेगा पूरी तरह व्यवस्थित**

यातायात व्यवस्था को सुचारू रखने के लिए पहले से ही रूट डायवर्जन लागू किया जाएगा, जिसका व्यापक प्रचार-प्रसार सोशल मीडिया और समाचार पत्रों के माध्यम से किया जाएगा। सभी प्रमुख मार्गों पर पर्याप्त पार्किंग की व्यवस्था होगी, जिन पर नंबरिंग और दिशा सूचक साइन बोर्ड लगाए जाएंगे, ताकि बाहर से आने वाले श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की असुविधा न हो।

## सीपीआई का चंदा चोरी के आरोपियों की गिरफ्तारी को प्रदर्शन आज

**मथुरा।** भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी की प्रांतीय कार्यकारिणी सदस्य ब ऑल इंडिया महिला फेडरेशन की जिला अध्यक्ष का. राधा चौधरी के अनुसार 6 जुलाई को पूर्वाह्न 11बजे राम मंदिर अयोध्या में चढ़ाबा चोरी के अपराधियों की तुरंत गिरफ्तारी कर जेल भेजे जाने की मांग को लेकर धरना प्रदर्शन कलेक्ट्रेट पर किया जायेगा। इसके बाद कलेक्ट्रेट पर डीएम को ज्ञापन देने के लिए पार्टी के सभी पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता जाएंगे। उन्होंने सभी वामपंथी साथियों से सोमवार को पूर्वाह्न 11 बजे एसएसपी हाउस के पास धरना स्थल पर समय से उपस्थित होकर प्रदर्शन को सफल बनाने की अपील की है।

# एक्सप्रेस वे पर पलटी मैक्स पिकअप, हर ओर बिखर गये टमाटर

### यमुना एक्सप्रेस वे के माइलस्टोन 67 पर हुआ, चालक सहित दो हुए घायल

टीएनएफ टुडे, मथुरा।

यमुना एक्सप्रेसवे पर रविवार सुबह हुए सड़क हादसे के बाद कुछ समय के लिए वहां से गुजर रहे लोग ठिठक गये। एक्सप्रेस वे पर भारी मात्रा में हर ओर टमाटर बिखरे हुए थे। सड़क हादसा करीब सात बजे हुआ। टमाटर से लदी एक मैक्स पिकअप अनियंत्रित होकर डिवाइडर से टकराने के बाद पलट गई। हादसे में चालक समेत दो लोग गंभीर रूप से घायल हो गए, जबकि दो अन्य लोगों को सुरक्षित बाहर निकाल लिया गया। दुर्घटना के बाद सड़क पर टमाटर बिखर गए, जिससे कुछ देर तक यातायात प्रभावित रहा। पुलिस के अनुसार, हादसा सुबह नौहझील थाना क्षेत्र में यमुना एक्सप्रेसवे के किलोमीटर-67 पर हुआ। पिकअप नोएडा से आगरा की ओर जा रही थी। शुरूआती जांच में सामने आया है



कि चालक को नींद की झपकी आने से वाहन अनियंत्रित हो गया और डिवाइडर से टकराकर पलट गया। हादसे के समय वाहन में चार लोग सवार थे। चालक श्याम सिंह (निवासी भिदौनी, अलीगढ़) और राजकुमार सिंह (निवासी मनोहरपुर, महावन) गंभीर रूप से घायल हो गए। वहीं घनश्याम सिंह और सल्लू, दोनों निवासी मनोहरपुर, को सुरक्षित बाहर निकाल लिया गया। बाजना कट चौकी प्रभारी हरेंद्र तोमर ने बताया कि सूचना मिलते ही पुलिस और पीआरवी टीम मौके पर पहुंच गई। घायलों को तुरंत सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) नौहझील भेजा गया। बाद में क्रेन की मदद से दुर्घटनाग्रस्त पिकअप को सड़क से हटाया गया, जिसके बाद एक्सप्रेसवे पर यातायात सामान्य हो सका। पुलिस मामले की जांच कर रही है। शुरूआती जांच में हादसे की वजह चालक को आई नींद की झपकी मानी जा रही है।

## एसएसपी ने 70 निरीक्षक व उपनिरीक्षकों के कार्य क्षेत्र बदले

टीएनएफ टुडे, मथुरा।

बरसाना, सदर बाजार, सुरीर, मगोर्रा, गोविंदनगर, मांट, वृंदावन, नौहझील व बल्देव समेत कई थानों के प्रभारी बदले गये हैं। एसएसपी श्लोक कुमार ने बड़ा फेरबदल करते हुए, 70 निरीक्षक व उपनिरीक्षकों के कार्य क्षेत्रों में बदलाव किया है। मथुरा। जनपद की पुलिस व्यवस्था को और अधिक प्रभावी एवं सुदृढ़ बनाने के उद्देश्य से वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक श्लोक कुमार ने रविवार को बड़ा प्रशासनिक फेरबदल करते हुए 70 निरीक्षक एवं उपनिरीक्षकों के कार्यक्षेत्र में बदलाव किया है। इस तबादला सूची में बरसाना, सदर बाजार, सुरीर, मगोर्रा, गोविंदनगर, मांट, वृंदावन, नौहझील और बल्देव सहित कई थानों के थाना प्रभारी तथा 17 चौकी प्रभारियों को नई जिम्मेदारियां सौंपी गई हैं। जारी आदेश के अनुसार निरीक्षक अवनी कुमार को बरसाना से वृंदावन, अजीत सिंह को सदर बाजार से बरसाना, अंजनीश कुमार को नौहझील, त्रिपुरेश कौशिक को सदर बाजार तथा उमेश कुमार को मांट थाना प्रभारी बनाया गया है। निरीक्षक रोशनलाल को प्रभारी निरी. एएचटीयू, मुकेश कुमार शर्मा को अतिरिक्त निरीक्षक अपराध थाना वृंदावन तथा सुरेंद्र कुमार को अतिरिक्त निरीक्षक अपराध थाना कोसीकलां की जिम्मेदारी सौंपी गई है। उपनिरीक्षकों के स्तर पर भी व्यापक फेरबदल किया गया है। अजय कुमार सिंह को सुरीर से मगोर्रा, अरुण कुमार को वृंदावन से सुरीर, अभय शर्मा को बल्देव, अजय वर्मा को थाना गोविंदनगर प्रभारी, जबकि महावीर सिंह को प्रभारी स्वाट टीम बनाया गया है। इसके अलावा कई चौकी प्रभारियों, एंटी क्राइम एवं अन्य शाखाओं में भी नई तैनातियां की गई हैं।

एसएसपी कार्यालय की ओर से जारी आदेश तत्काल प्रभाव से लागू कर दिए गए हैं। माना जा रहा है कि कानून-व्यवस्था को और अधिक चुस्त-दुरुस्त बनाने तथा पुलिस कार्यप्रणाली में तेजी लाने के उद्देश्य से यह व्यापक तबादला किया गया है।

## राया क्षेत्र में दो गेस्ट हाउस में चल रहा था सेक्स रैकेट

टीएनएफ टुडे, मथुरा।

उत्तर प्रदेश के मथुरा जिले के राया थाना क्षेत्र में पुलिस ने एक बड़ी कार्रवाई करते हुए सेक्स रैकेट का भंडाफोड़ किया है। पुलिस ने न्यू सावरिया गेस्ट हाउसश और श्रॉयल गेस्ट हाउस पर छापेमारी कर मौके से 13 पुरुष और 4 महिलाओं को आपत्तिजनक स्थिति में गिरफ्तार किया है। प्रभारी निरीक्षक (थाना राया) कर्मवीर सिंह को मुखबिर से सूचना मिली थी कि राया कट के पास स्थित इन गेस्ट हाउसों की आड़ में देह व्यापार का अवैध धंधा चल रहा है। सूचना मिलने के बाद पुलिस ने दो टीमें बनाईं और योजनाबद्ध तरीके से छापेमारी की। छापेमारी के दौरान गेस्ट हाउस के कमरों से 17 मोबाइल फोन, 4380 रुपये नकद और बड़ी संख्या में कंडोम बरामद किए गए। पुलिस की पूछताछ में गिरफ्तार किए गए लोगों ने अपना जुर्म कबूल कर लिया है। पकड़ी गई महिलाओं में से कई ने बताया कि वे गरीबी और मजबूरी का फायदा उठाकर इन लोगों के चंगुल में फंसी थीं और उन्हें

- **पुलिस ने 13 पुरुषों और 4 महिलाओं को किया गिरफ्तार**
- **पुलिस ने शनिवार को की थी कार्यवाही, रविवार को किया खुलासा**

बहला-फुसलाकर इस धंधे में लाया गया था। पुलिस ने सभी आरोपियों के खिलाफ श्अनैतिक व्यापार (निवारण) अधिनियम, 1956 (एसआईटी अधिनियम) की विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज किया है। पुलिस के अनुसार, गेस्ट हाउस संचालक और वहां काम करने वाले लोग ग्राहकों को व्हाट्सएप के जरिए लड़कियों की फोटो भेजकर बुलाते थे और पूरे रैकेट का संचालन करते थे। पुलिस ने बताया कि पकड़े गए सभी आरोपियों को नियमानुसार कानूनी प्रक्रिया पूरी करने के बाद हिरासत में लिया गया है और आगे की जांच जारी है। स्थानीय स्तर पर इस कार्रवाई से हड़कंप मचा हुआ है। पुलिस को लंबे समय से होटल रॉयल और न्यू साँवरिया गेस्ट हाउस में संदिग्ध गतिविधियों की शिकायतें मिल रही थीं। शिकायतों के आधार पर थाना राया पुलिस ने दोनों स्थानों पर एक साथ छापेमारी की। कार्रवाई के दौरान कई कमरों की तलाशी ली गई, जहां से युवक युवतियों को हिरासत में लिया गया। क्षेत्राधिकारी महावन संजीव राय ने बताया कि गेस्ट हाउस प्रबंधक पवन, सतीश और श्यामसुंदर सहित सभी हिरासत में लिए गए लोगों से पूछताछ की गई। प्रारंभिक जांच में कुछ महिलाएं अन्य जनपदों की निवासी पाई गईं, जबकि अधिकांश युवक आसपास के क्षेत्र के रहने वाले हैं। सभी के विरुद्ध संबंधित धाराओं में विधिक कार्रवाई की जा रही है। बरामद सामग्री को कब्जे में लेकर जांच शुरू कर दी गई है। थाना प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि मामले की गहन जांच की जा रही है। यह भी पता लगाया जा रहा है कि इन गेस्ट हाउसों में कथित अवैध गतिविधियां कब से संचालित हो रही थीं। साथ ही, दोनों गेस्ट हाउस संचालकों और प्रबंधन की भूमिका की भी जांच की जा रही है।

## महिला की हत्या कर शव को एक्सप्रेस वे पर फेंका, पति ने दी तहरीर

### कार में गला घोंटकर की थी हत्या, पुलिस ने आरोपी को किया गिरफ्तार

टीएनएफ टुडे, मथुरा।

यमुना एक्सप्रेस वे के सर्विस रोड पर मिले महिला का शव मिला था। पुलिस ने लोगों की सूचना पर शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया था। इसके बाद मृतका के पति ने शव की पहचान कर थाना जमुनापार पर नामजद तहरीर दी जिसमें आरोप लगाया कि उसकी पत्नी की हत्या कर शव को यमुना एक्सप्रेस वे के किनारे फेंक दिया है। पुलिस ने तहरीर दर्ज करने के बाद नामजद व्यक्ति को गिरफ्तार कर लिया है। थाना जमुनापार पुलिस टीम द्वारा रविवार को सुबह के करीब साढ़े तीन बजे पानी गांव मांट रोड से नामजद अभियुक्त सतीश सिंह उर्फ एसके चौधरी पुत्र जंगजीत सिंह निवासी नगला पीता थाना राया उम्र करीब 55 वर्ष गिरफ्तार किया। अभियुक्त पर थाना जमुनापार में धारा 103(1) बीएनएस के तहत अभियोग पंजीकृत कर कार्यवाही की गई है। प्रभारी निरीक्षक थाना जमुनापार विदेश कुमार के मुताबिक गिरफ्तार किये गये अभियुक्त ने पूछताछ में बताया कि उसके मृतक के साथ प्रेम सम्बन्ध थे और वह उस पर शादी करने का दबाव बना रही थी। जिस कारण दो और तीन जुलाई की रात की रात्रि में अभियुक्त द्वारा अपनी गाड़ी स्विफ्ट डिजायर यूपी 85 बीएक्स 1607 की पिछली शीट पर गमछे से गला घोंटकर प्रेमिका की हत्या कर दी व शव को पानीगांव वृन्दावन बाईपास रोड पर फेंक कर भाग आया था। तीन जुलाई को इस संबंध में एक प्रार्थना पत्र दिया गया कि सतीश सिंह उर्फ एसके चौधरी पुत्र जंगजीत सिंह निवासी नगला पीता थाना राया द्वारा वादी की पत्नी की हत्या कर शव को पानीगांव वृन्दावन बाईपास रोड पर फेंक दिया गया है। मृतका का गला घोंटकर हत्या करने में प्रयुक्त एक गमछा व घटना में प्रयुक्त गाडी स्विफ्ट डिजायर को बरामद कर लिया गया है। कार्यवाही करने वाली टीम में प्रभारी निरीक्षक थाना जमुनापार विदेश कुमार, एसआई कपिल वशिष्ठ, एसआई अनिल कुमार तेवतिया, एसआई रजत कुमार थाना जमुनापार आदि पुलिसकर्मी थे।

## श्री माथुर चतुर्वेद परिषद का त्रिवार्षिक चुनाव शांतिपूर्ण संपन्न, राजन बने अध्यक्ष

टीएनएफ टुडे, मथुरा।

श्री माथुर चतुर्वेद परिषद का त्रिवार्षिक चुनाव आपसी सामंजस्य एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। चुनाव प्रक्रिया के तहत सर्वसम्मति से राजन पाठक को अध्यक्ष संजय चतुवेर्दी को महामंत्री तथा कमल चतुवेर्दी एवं योगेंद्र चतुवेर्दी को उपाध्यक्ष निर्वाचित किया गया।




इसके अलावा नीरज चतुवेर्दी को कोषाध्यक्ष तथा संजय चतुवेर्दी अनिल चतुवेर्दी श्याम मोनू चतुवेर्दी एवं हरदेव चतुवेर्दी (हप्पू) को मंत्री पद की जिम्मेदारी सौंपी गई। वहीं आशीष चतुवेर्दी को निरीक्षक का दायित्व दिया गया। तीन दिवसीय चुनाव प्रक्रिया के दौरान आपसी सहमति को प्राथमिकता देते हुए उपाध्यक्ष पद के प्रत्याशी देवेंद्र चतुवेर्दी एवं राजेश चतुवेर्दी ने तथा मंत्री पद के प्रत्याशी सुशांत चतुवेर्दी एवं अनिरुद्ध चतुवेर्दी ने अपने नामांकन वापस ले लिए। इसके पश्चात शेष पदों पर सर्वसम्मति से शांतिपूर्ण निर्वाचन संपन्न कराया गया। समन्वय समिति की बैठक में परिषद के मुख्य संरक्षक एवं अखिल भारतीय तीर्थ पुरोहित महासभा के मुख्य संरक्षक महेश पाठक ने सभी सदस्यों से आपसी एकता बनाए रखने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि समाज सेवा के लिए आपसी मतभेद उचित नहीं हैं सभी को मिलजुलकर कार्य करना चाहिए। कार्यक्रम का संचालन परिषद के महामंत्री राकेश तिवारी एडवोकेट ने किया। चुनाव अधिकारी उमेंद्र चतुवेर्दी एवं संजीव चतुवेर्दी ने पूरी निष्ठा और लगन से चुनाव प्रक्रिया को संपन्न कराया जिसके लिए उन्हें धन्यवाद दिया गया।

इस अवसर पर संरक्षक गिरधारीलाल पाठक नवीन नागर राकेश तिवारी एडवोकेट रंजीत चतुवेर्दी ब्रजेश चतुवेर्दी अटल चतुवेर्दी वेक कप फाउंडेशन के स्वतंत्र चतुवेर्दी सहित अनेक गणमान्य चतुवेर्दी बंधु उपस्थित रहे।

## फिर लोटेगा हाथों में कपड़े का थैला तो स्वच्छ होगा ब्रज

टीएनएफ टुडे, मथुरा।

हम सब ने यह ठाना है, ब्रज को स्वच्छ बनाना है महाअभियान को जन-जन तक पहुँचाने के उद्देश्य से वरिष्ठ नागरिक कल्याण समिति, मथुरा ने कपड़े के थैलों के वितरण की अनूठी पहल शुरू की है। इन थैलों पर अभियान का स्लोगन और स्वच्छता का संदेश अंकित किया गया है, ताकि बाजारों और सार्वजनिक स्थलों पर इनके उपयोग के माध्यम से अधिक से अधिक लोग अभियान से जुड़ सकें। समिति का मानना है कि कपड़े के थैलों का उपयोग करने वाला व्यक्ति स्वयं तो स्वच्छता का संदेश पढ़ेगा ही, साथ ही उसके संपर्क में आने वाले अन्य लोगों का भी इस संदेश की ओर ध्यान आकर्षित होगा। इस प्रकार यह पहल स्वच्छता के प्रति जनजागरूकता बढ़ाने के साथ-साथ सिंगल यूज प्लास्टिक के उपयोग को कम करने में भी सहायक बनेगी। बैठक में समाजसेवी दीपक गोयल ने नेशनल चौंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज के राजीव अग्रवाल प्रोजेक्ट मथुरा के विपुल अग्रवाल (सीए) एवं उनकी टीम, सहित विभिन्न सामाजिक संस्थाओं के पदाधिकारियों को कपड़े के थैले प्रदान किए गए। वरिष्ठ नागरिक कल्याण समिति के पदाधिकारियों ने बताया कि 6 जुलाई को उत्तर प्रदेश ब्रज तीर्थ विकास परिषद की बैठक में भी परिषद के अधिकारियों एवं सदस्यों को ये कपड़े के थैले भेंट किए जाएंगे, जिससे अभियान का संदेश व्यापक स्तर पर पहुँचे।

## 3 होटल मैनेजर सहित डेढ़ दर्जन देह व्यापार के आरोपी जेल भेजे

टीएनएफ टुडे, मथुरा।

थाना राया क्षेत्र के अंतर्गत यमुना एक्सप्रेस-वे के समीप दो गेस्टहाउस में चल रहे अनैतिक देह व्यापार का शनिवार शाम को पुलिस ने भंडाफोड़ कर होटल मैनेजर सहित 16 युवकों को गिरफ्तार कर न्यायलय के समक्ष पेश किया गया। जहां से जेल भेजा गया है। वही पकड़ी गयी आधा दर्जन युवतियों को पूछताछ के बाद परिजनों के सुपुर्द कर दिया गया।

क्षेत्राधिकारी महावन संजीव कुमार राय ने बताया कि दो टीम गठित कर थाना राया प्रभारी निरीक्षक कर्मवीर सिंह व मय पुलिसबल के साथ न्यू सांवरिया गेस्ट हाउस और रॉयल होटल एंड रेस्टोरेंट पर छापा मार कार्यवाही की। कार्यवाही के दौरान अलग अलग कमरों से युवक युवतियों को आपत्तिजनक स्थिति में पकड़ा गया था। छापामार कार्यवाही के दौरान श्यामसुंदर निवासी सिहोरा जमुनापार, सुनील कुमार निवासी गांव गोहदरपुर जमुनापार, लेखराज, सतीश, पवन निवासी गोसना जमुनापार, कौशल खप्परपुर राया, मोनू चौधरी निवासी अलीगढ़, मनीष निवासी गोसना जमुनापार, कय्यूम निवासी प्रताप नगर जमुनापार, रामनिवास सुहाग नगर फिरोजाबाद, नरेश निवासी गोसना, बाबूलाल निवासी रोशन विहार लोहवन, अमित निवासी रोशन विहार लोहवन, अजय निवासी गंगा नगला राया, राजू निवासी गोसना जमुनापार को गिरफ्तार किया गया। इनके कब्जे से 17 मोबाइल फोन 4380 रुपये एवं बड़ी संख्या में आपत्तिजनक सामिग्री बरामद की गयी।

क्षेत्राधिकारी महावन ने बताया कि पवन, सतीश और श्यामसुंदर होटल गेस्ट हाउस के मैनेजर है। इनके मालिक फ्हार बताए गए है। पकड़े जाने पर उनके खिलाफ मुकदमा दर्ज किया जायेगा। वही पुलिस की इस कार्यवाही से होटल गेस्ट हाउस संचालको में हड़कंप मच गया।

## संदिग्ध परिस्थितियों में फंदे पर लटका मिला युवक का शव

टीएनएफ टुडे, चौमुहां।

छाता कोतवाली क्षेत्र के अंतर्गत गांव पिल्होरा में रविवार सुबह एक युवक का शव उसके ही घर की छत पर फंदे से लटका मिलने से सनसनी फैल गई। मृतक की पहचान 30 वर्षीय अशोक पुत्र सौदान सिंह के रूप में की गई है। घटना के बाद जहां परिवार में चीख-पुकार मच गई, वहीं परिजनों ने गांव के ही युवकों पर मारपीट और हत्या का आरोप लगाया है। वारदात की सूचना मिलते ही कोतवाली प्रभारी उमेशचंद्र त्रिपाठी पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। पुलिस ने मामले की गंभीरता को देखते हुए साक्ष्य जुटाने के लिए तत्काल फॉरेंसिक टीम को मौके पर बुला लिया। घटना के संबंध में मृतक के ताऊ के लड़के ने पुलिस को बताया कि शनिवार की शाम अशोक गांव के ही युवकों के साथ बैठकर शराब पी रहा था। इसी दौरान उनके बीच किसी बात को लेकर तीखी बहस हो गई, जो देखते ही देखते मारपीट में बदल गई। रात के समय क्षुब्ध अशोक ने अपने भाई को फोन कर इस पूरी आपबीती की जानकारी भी दी थी। सुबह जब परिजन घर के ऊपरी हिस्से में गए तो वहां प्लास्टिक की रस्सी के सहारे अशोक का शव लटकता देख उनके पैरों तले जमीन खिसक गई। कोतवाली प्रभारी उमेशचंद्र त्रिपाठी ने बताया कि शव को फंदे से नीचे उतारकर पोस्टमार्टम को भेज दिया गया है। परिजनों के आरोपों को ध्यान में रखते हुए फॉरेंसिक टीम ने घटना स्थल से जरूरी साक्ष्य एकत्र किए हैं।

# ऑस्ट्रेलिया ने सातवीं बार जीता महिला टी20 विश्वकप

एजेंसी, लंदन।

गेंदबाजों के शानदार प्रदर्शन के बाद बेथ मूनी के अर्धशतक की मदद से ऑस्ट्रेलिया ने इंग्लैंड को हराकर महिला टी20 विश्व कप का खिताब अपने नाम कर लिया है। ऑस्ट्रेलिया ने सातवीं बार इस टूर्नामेंट की ट्रॉफी अपने नाम कर ली है। ऑस्ट्रेलिया ने इस मैच में टॉस जीतकर गेंदबाजी का फैसला लिया। इंग्लैंड ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 20 ओवर में चार विकेट पर 150 रन बनाए। जवाब में ऑस्ट्रेलिया ने 17.1 ओवर में तीन विकेट पर 153 रन बनाकर मैच अपने नाम किया।




### फाइनल में ऑस्ट्रेलिया से कभी नहीं जीता इंग्लैंड

महिला टी20 विश्व कप के फाइनल में ऑस्ट्रेलिया और इंग्लैंड के बीच यह चौथी भिड़ंत थी और ऑस्ट्रेलिया ने अपना दबदबा बरकरार रखा। ऑस्ट्रेलिया टीम ने इंग्लैंड को सात विकेट से हराकर फाइनल में इस टीम के खिलाफ लगातार चौथी जीत दर्ज की। इससे पहले ऑस्ट्रेलिया ने 2012, 2014 और 2018 के फाइनल में भी इंग्लैंड को हराकर खिताब जीता था। अब 2026 के फाइनल में भी जीत के साथ ऑस्ट्रेलिया ने इंग्लैंड के खिलाफ विश्व कप फाइनल में अपना रिकॉर्ड 4-0 कर लिया और रिकॉर्ड सातवीं बार महिला टी20 विश्व कप ट्रॉफी अपने नाम की है।

### मूनी और लिचफील्ड की दमदार साझेदारी

लक्ष्य का पीछा करते हुए ऑस्ट्रेलिया ने जॉर्जिया वॉल (9) का विकेट जल्द गंवा दिया था। इसके बाद बेथ मूनी ने फोएबे लिचफील्ड के साथ मिलकर साझेदारी आगे बढ़ाई। दोनों बल्लेबाजों ने दूसरे विकेट के लिए 100 रनों की साझेदारी की। महिला टी20 विश्व कप के फाइनल में यह तीसरी सबसे बड़ी साझेदारी है। मूनी ने इस दौरान अर्धशतक भी जड़ा। लिचफील्ड भी पचासा जड़ने के करीब पहुंच गई थीं, लेकिन चार्ली डिन ने उन्हें बोल्ड कर इस साझेदारी को तोड़ा। मौजूदा टी20 विश्व कप में सर्वाधिक रन बनाने के मामले में दूसरे स्थान पर बेथ मूनी रहीं। उन्होंने सात मैचों की सात पारियों में 238 रन बनाए। उनका बल्लेबाजी औसत 59.50 रहा और वह तीन बार नाबाद लौटीं। उनका सर्वोच्च स्कोर 74 रन रहा। फाइनल में मूनी 49 गेंदों पर 10 चौकों की मदद से 64 रन और लिचफील्ड ने 35 गेंदों पर छह चौकों और दो छक्कों के सहारे 48 रन बनाए।

### पेरी को मिला जीवनदान

ऑस्ट्रेलिया की टीम जब जीत के करीब थी तो एलिस पेरी को जीवनदान मिला और रिव्यू में आउट का फैसला पलट गया। दरअसल, लिंसे स्मिथ की गेंद पर एक्लेस्टोन ने कैच पकड़ा, लेकिन गेंद मैदान को छू चुकी थी। दिलचस्प बात यह है कि पेरी पवेलियन की तरफ लौट गई थीं, लेकिन नॉटआउट करार दिए जाने के बाद वापस क्रीज पर लौटीं। एलिस पेरी 13 और एश्ले गार्डनर तीन रन बनाकर नाबाद रहीं। इंग्लैंड की ओर से चार्ली डिन, लॉरेन बेल और सोफी एक्लेस्टोन को एक-एक विकेट मिले।

### इंग्लैंड के लिए अकेले डटी रहीं ब्रंट

इससे पहले, ऑस्ट्रेलिया ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी का फैसला लिया। पहले बल्लेबाजी करते हुए इंग्लैंड की बल्लेबाजी अच्छी नहीं रही और टीम ने 70 रन के अंदर चार विकेट गंवा दिए। हालांकि, कप्तान नैट सिवर ब्रंट दूसरे छोर पर टिकी रहीं। सिवर ब्रंट के अर्धशतक की मदद से इंग्लैंड ने चुनौतीपूर्ण लक्ष्य रखा। इंग्लैंड के लिए कप्तान ब्रंट ने अर्धशतकीय पारी खेली और फ्रेया केम्प के साथ मिलकर पांचवें विकेट के लिए 80 रनों की अविजित साझेदारी की। ब्रंट 53 गेंदों पर पांच चौकों की मदद से 58 रन बनाकर नाबाद रहीं, जबकि केम्प ने 28 गेंदों पर चार चौकों और एक छक्के की मदद से नाबाद 44 रन बनाए।

इंग्लैंड के लिए ब्रंट और केम्प के अलावा एलिस कैप्सी ही दहाई अंक तक पहुंच सकीं। कैप्सी ने 20 गेंदों पर दो चौकों और एक छक्के की मदद से 23 रन बनाए। डैनी वॉयट 8, एमी जोन्स 6 और हीथर नाइट 2 रन बनाकर आउट हुईं। ऑस्ट्रेलिया के लिए किम गार्थ, लुसी हैमिल्टन, सोफी मोलिन्यूक्स और एनाबल सदरलैंड ने एक-एक विकेट लिए।

### विजेता टीम को मिलेंगे इतने रुपये, पिछली बार की तुलना में कितनी बढ़ी कुल इनामी राशि?

महिला टी20 विश्व कप 2026 का समापन रविवार को ऐतिहासिक लॉर्ड्स मैदान पर खेले गए फाइनल के साथ हो गया। ऑस्ट्रेलिया ने इंग्लैंड को सात विकेट से हराकर रिकॉर्ड सातवीं बार महिला टी20 विश्व कप का खिताब अपने नाम कर लिया। पूरे टूर्नामेंट में शानदार प्रदर्शन करने वाली ऑस्ट्रेलियाई टीम ने फाइनल में भी अपना दबदबा कायम रखा और मेजबान इंग्लैंड के दूसरी बार चैंपियन बनने के सपने को तोड़ दिया। इंग्लैंड की नजर 17 साल बाद दूसरी बार टी20 विश्व कप जीतने पर थी। उसने 2009 में लॉर्ड्स में ही पहला महिला टी20 विश्व कप अपने नाम किया था, लेकिन इस बार उसे फाइनल में हार का सामना करना पड़ा। वहीं ऑस्ट्रेलिया ने अपने शानदार रिकॉर्ड को और मजबूत करते हुए सातवीं बार ट्रॉफी पर कब्जा जमाया और महिला टी20 क्रिकेट में अपनी बादशाहत एक बार फिर साबित कर दी। खिताब जीतने के साथ ही ऑस्ट्रेलियाई टीम पर इनामी राशि की भी बारिश हुई।

### इस बार बढ़ी थी टीमों की संख्या

महिला टी20 विश्व कप इस बार कई मायनों में विशेष रहा। पहली बार इसमें 12 टीमों ने हिस्सा लिया और मैचों की संख्या में भी वृद्धि हुई। ग्रुप चरण में इस बार कुल 30 मुकाबले खेले गए जो 2024 की तुलना में 10 ज्यादा हैं। पिछली बार ग्रुप चरण में 20 मुकाबले खेले गए थे। भारत का सफर हालांकि, ग्रुप चरण में ही थम गया था तो टीम सेमीफाइनल के लिए भी क्वालिफाई नहीं कर सकी थी।

### किसे मिलेंगे कितने रुपये?

इस बार महिला टी20 विश्व कप की कुल इनामी राशि में 10 प्रतिशत की वृद्धि हुई है। आईसीसी ने मौजूदा टी20 विश्व कप के लिए 8,764,615 अमेरिकी डॉलर (लगभग 83.45 करोड़ रुपये) की कुल इनामी राशि रखी है जो पिछली बार की तुलना में 10 प्रतिशत ज्यादा है। 2024 में खेले गए टी20 विश्व कप की कुल इनामी राशि 7,958,077 अमेरिकी डॉलर (करीब 74 करोड़ रुपये) थी। टूर्नामेंट की विजेता टीम को 2,340,000 अमेरिकी डॉलर (लगभग 22 करोड़ रुपये) मिलेंगे, जो पिछली बार के बराबर है। उपविजेता टीम को 1,170,000 अमेरिकी डॉलर (लगभग 11 करोड़ रुपये) मिलेंगे। सेमीफाइनल में हारने वाली टीमों को 675,000 अमेरिकी डॉलर (लगभग 6.29 करोड़ रुपये) दिए जाएंगे, जबकि ग्रुप स्टेज में हर जीत की कीमत लगभग 29 लाख रुपये है, जो 2024 जैसा ही है।

# मनोरंजन

## मेरे लड़कियों के साथ रिलेशनशिप रहे: आकांक्षा

चर्चित अभिनेता गौरव खन्ना की पत्नी आकांक्षा चमोला इन दिनों 'लॉकअप सीजन 2' में नजर आ रही हैं। इस शो को फराह खान और रितेश देशमुख होस्ट कर रहे हैं। शो में एंट्री करने के साथ ही आकांक्षा ने अपनी निजी जिंदगी को लेकर ऐसा खुलासा किया कि सबको तगड़ा झटका लगा। उन्होंने बताया था कि उनका और गौरव खन्ना का तलाक हो रहा है। अब निजी जिंदगी पर उन्होंने एक और हैरान करने वाली बात कही है।

### बोलीं- 'महिलाओं की तरफ आकर्षित होती हूं'

आकांक्षा चमोला 'लॉकअप 2' में एक के बाद एक बड़े खुलासे कर रही हैं। हाल ही में उन्होंने शो में खुद को बाइसेक्सुअल बताया। उन्होंने स्पष्ट किया की गौरव खन्ना से शादी से पहले उनके लड़कियों के साथ रिलेशन रहे। आकांक्षा ने कहा, 'मैं शादी से पहले बायसेक्सुअल थी। मेरे कुछ लड़कियों के साथ रिलेशन रहे हैं। बहुत ज्यादा इंटिमेट रिलेशन नहीं रहे हैं, लेकिन मैं कुछ लड़कियों के साथ रिलेशनशिप में रही हूं। बस वही है। मुझे लड़कियां पसंद हैं। मैं लड़कियों की तरफ आकर्षित होती हूं। मुझे लगता है कि यही मेरा सेफ स्पेस है'।

नेटिजंस ने बताया पब्लिसिटी स्टंट

आकांक्षा ने कहा कि उन्हें फेमिनिज्म वाली एनर्जी पसंद है। उन्होंने कहा, 'मुझे वह कंफर्ट पसंद है'। आकांक्षा चमोला के इस खुलासे के बाद नेटिजंस की सोशल मीडिया पर अलग-अलग प्रतिक्रिया आ रही है। कुछ लोग इस बात को उनका पब्लिसिटी स्टंट करार दे रहे हैं। लोगों का कहना है कि शो में ट्रेंड रहने के लिए और टीआरपी के लिए यह सब ड्रामा है।

### आकांक्षा ने तलाक पर क्या कहा था?

बता दें कि आकांक्षा ने इसी शो में खुलासा किया था कि वे और गौरव खन्ना एक साल से अलग रह रहे हैं। दोनों ने तलाक का फैसला लिया है। आकांक्षा ने यह भी कहा था कि वे और गौरव पिछले एक साल से एक-दूसरे से अलग रह रहे हैं। वहीं, आकांक्षा के तलाक की बात कहने के बाद गौरव खन्ना ने इस पर रिएक्शन दिया था। उन्होंने कहा था, 'प्यार आज भी उतना ही है और सपोर्ट भी उतना ही है। मैं हमेशा आकांक्षा को सपोर्ट करूंगा। वो मेरी बीवी है। प्यार किया तो पीछे क्यों हटूं'। उन्होंने कहा था कि वे हमेशा आकांक्षा के साथ खड़े हैं और चाहते हैं कि वह शो में अच्छा खेलें और जीतक आए।



## आमिर-गौरी की शादी की पहली तस्वीर आई सामने, बेटे बने रिंग बेयरर, जमीन पर बैठकर कपल ने साइन किए पेपर्स



बॉलीवुड के 'मिस्टर परफेक्शनिस्ट' आमिर खान ने तीसरी शादी कर अपनी जिंदगी की नई शुरूआत की। रविवार को उन्होंने अपनी साथी गौरी स्प्रैट से रजिस्टर्ड मैरिज कर ली। शादी की पहली तस्वीर अब सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रही है। तस्वीर में जमीन पर बैठकर आमिर और गौरी शादी के पेपर्स पर साइन करते नजर आ रहे है। यह निजी समारोह मुंबई के बांद्रा स्थित आमिर खान के घर पर आयोजित किया गया। शादी में न ज्यादा तामझाम किए गए और न ही कोई शादी इंतजाम था। सिर्फ परिवार के सदस्य और बेहद करीबी दोस्त शामिल हुए। सामने आई तस्वीर में आमिर मुस्कुराते हुए शादी के पेपर्स पर साइन कर रहे हैं, जबकि गौरी उनके बगल में बैठी नजर आ रही हैं। दोनों के चेहरे पर नई शुरुआत की खुशी साफ झलक रही है। तस्वीर में आमिर और उनकी पूर्व पत्नी किरण राव के बेटे आजाद राव खा अपने हाथ में अंगूठी का डिब्बा लिए दिखाई दिए। वहीं, गौरी स्प्रैट के पिछली शादी से उनके बेटे भी आमिर और गौरी के बीच खड़े होकर रिंग बॉक्स थामे नजर आए। तस्वीर में आमिर की मां जीनत हुसैन भी नजर आ रही थीं।

दुल्हन बनीं गौरी स्प्रैट ने इस खास मौके पर आइवरी कलर का बेहद खूबसूरत एथनिक आउटफिट पहना। उन्होंने इसके साथ लेयर्ड नेकलेस, मैचिंग ईयररिंग्स और ब्रेसलेट कैरी किया। हेयरस्टाइल की बात करें, तो उन्होंने बालों की लूज चोटी को सफेद फूलों से सजाया हुआ था। लाइट मेकअप के साथ उनका लुक बेहद आकर्षक नजर आ रहा। वहीं आमिर खान लाइट क्रीम के कुर्ते में दिखाई दिए। शादी में आमिर के बच्चे इरा खान और जुनैद खान भी मौजूद रहे। उनके दामाद नुपुर शिखरे भी इस पारिवारिक समारोह का हिस्सा बने। इसके अलावा फिल्म निर्देशक आशुतोष गोवारिकर, अंबानी परिवार के सदस्य, अभिनेता और निर्देशक वीर दास और राजनेता राज ठाकरे समेत तमाम हस्तियां भी इस खुशी के मौके पर पहुंची।

गौरी स्प्रैट लंबे समय से फैशन और ब्यूटी इंडस्ट्री से जुड़ी रही हैं। वह आमिर खान प्रोडक्शन्स के साथ भी काम कर चुकी हैं। आमिर और गौरी एक-दूसरे को करीब 25 साल से जानते हैं। हालांकि दोनों के बीच प्यार कुछ समय पहले ही शुरू हुए। लंबे समय तक अपने रिश्ते को निजी रखने के बाद अब उन्होंने शादी कर अपने रिश्ते को नया नाम दे दिया है।

## विक्की कौशल का जोरदार वर्कआउट जारी, मानसून में भी ब्रेक नहीं

हिंदी सिनेमा में बहुत कम समय में अपने अभिनय से पहचान बना चुके एक्टर विक्की कौशल फिटनेस को लेकर काफी सजग रहते हैं। उन्होंने फिटनेस के प्रति अपनी पूरी लगन की एक झलक फैंस के साथ साझा की। एक्टर ने अपने वर्कआउट सेशन का एक वीडियो शेयर किया और कहा कि कोई छुट्टी नहीं है। विक्की ने अपने सोशल मीडिया अकाउंट पर एक वीडियो क्लिप शेयर किया और कैप्शन में लिखा कि नो डेज ऑफ।

वीडियो में एक्टर जबरदस्त 'बेयर क्रॉल' एक्सरसाइज करते हुए दिख रहे हैं।

अनुशासित फिटनेस रूटीन बनाए रखने के लिए मशहूर विक्की अक्सर सोशल मीडिया पर अपने जिम सेशन की झलकियां फैंस के साथ शेयर करते रहते हैं।

विक्की ने 2015 में फिल्म 'मसान' से डेब्यू किया था और उसके बाद 'राजी', 'सरदार उधम सिंह', 'सैम बहादुर' जैसी फिल्मों में जबरदस्त परफॉर्मेंस दी।

फिल्म 'उरी: द सर्जिकल स्ट्राइक' में विक्की की बेहतरीन और दमदार परफॉर्मेंस की काफी तारीफ हुई थी। उन्हें पिछली बार 'छावा' में देखा गया था, जहां उन्हें दर्शकों और क्रिटिक्स दोनों से ही बहुत अच्छे रिव्यू मिले।

एक्टर के निजी जीवन की बात करे तो विक्की कौशल ने दिसंबर 2021 में राजस्थान में एक छोटे लेकिन शानदार समारोह में बॉलीवुड अभिनेत्री कैटरीना कैफ से शादी की।

इस कपल को 2025 में एक बेटा हुआ, जिसके बाद उनकी जिंदगी में नया अध्याय जुड़ा। विक्की अब संजय लीला भंसाली की फिल्म 'लव एंड वॉर' में रणबीर कपूर और आलिया भट्ट के साथ नजर आएंगे।

ऐसा लगता है कि एक्टर को फिटनेस की प्रेरणा अपने पिता और अनुभवी एक्शन डायरेक्टर शाम कौशल से मिलती है।



अपने बेटे की तरह ही, 70 साल के अनुभवी एक्शन डायरेक्टर भी कुछ हफ्ते पहले फिटनेस के बड़े गोल सेट करते हुए दिखे थे।

एक्टर के पिता ने अपने सोशल मीडिया अकाउंट पर अपनी फिटनेस रूटीन की एक झलक शेयर की थी। वीडियो में 70 साल के एक्शन डायरेक्टर जिम में वेट के साथ बेंच प्रेस करते हुए दिखे।

## जेनिफर लोपेज ने की 'ऑफिस रोमांस' को-स्टार ब्रेट गोल्डस्टीन की तारीफ

हॉलीवुड की मशहूर अभिनेत्री और गायिका जेनिफर लोपेज इन दिनों अपनी आने वाली फिल्म 'ऑफिस रोमांस' को लेकर चर्चा में हैं। इस फिल्म की शूटिंग और अपने को-स्टार ब्रेट गोल्डस्टीन के साथ काम के अनुभव को लेकर उन्होंने एक सोशल मीडिया पोस्ट शेयर किया। इस पोस्ट में उन्होंने फिल्म की टीम की जमकर तारीफ की। जेनिफर लोपेज ने इंस्टाग्राम पर कुछ तस्वीरें पोस्ट कीं, जिनमें वह अपने को-स्टार ब्रेट गोल्डस्टीन के साथ नजर आ रही हैं। तस्वीरों में दोनों की मजबूत केमिस्ट्री साफ दिखाई दे रही है। इन तस्वीरों के साथ उन्होंने इंस्टाग्राम पर एक लंबा कैप्शन भी लिखा। जेनिफर ने लिखा, "ऑफिस रोमांस' दर्शकों के बीच नंबर वन पर है, और यह मेरे लिए बहुत खुशी की बात है। ब्रेट गोल्डस्टीन का धन्यवाद, वह किसी भी अभिनेत्री के लिए सबसे बेहतरीन लीडिंग मैन हैं, जिसकी कोई भी उम्मीद कर सकता है। उनके साथ काम करना एक शानदार अनुभव रहा।"

इसके अलावा, जेनिफर लोपेज ने फिल्म के निर्देशक ओल पार्कर की भी तारीफ की और उन्हें एक शानदार निर्देशक बताया। उन्होंने कहा, "फिल्म को जिस तरह से पर्दे पर उतारा गया है, उसमें कड़ी मेहनत साफ झलकती है और पूरी टीम ने मिलकर इसे खास बनाया है।"

बता दें कि फिल्म 'ऑफिस रोमांस' एक रोमांटिक कॉमेडी है, जिसकी कहानी एक बड़ी कंपनी की सीईओ जैकी के इर्द-गिर्द घूमती है। जैकी अपनी कंपनी में सख्त नियम लागू करती है और कर्मचारियों को लेकर एंटी-फ्रैटरनाइजेशन पॉलिसी अपनाती है। लेकिन कहानी में मोड़ तब आता है, जब एक नया वकील उसकी कंपनी में काम करने आता है। इसके बाद उसकी बनाई हुई सख्त पॉलिसी धीरे-धीरे चुनौती बनने लगती हैं और कहानी में रोमांस और कॉमेडी दोनों का तड़का आता है।

एक्ट्रेस के बारे में बात करें तो जेनिफर लोपेज दुनिया की सबसे प्रभावशाली कलाकारों में से एक है। उन्होंने न सिर्फ हॉलीवुड फिल्मों में अपनी पहचान बनाई है,



बल्कि लैटिन संगीत को भी दुनिया भर में लोकप्रिय बनाने में अहम भूमिका निभाई है। इसके अलावा, वह कई बड़े टीवी शो जैसे 'अमेरिकन आइडल' और 'वर्ल्ड ऑफ डांस' में जज के रूप में भी नजर आ चुकी हैं।